उज्जैन
सोमवार
08
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-36
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651


# दैनिक ब्रह्मास्त्र



बिग बॉस 19 के विनर बने गौरव खन्ना मिला 50 लाख रुपए का कैश प्राइज, फिनाले में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान



### देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की उड़ान सेवाएं सोमवार को भी पटरी पर नहीं लौट सकीं

# पिछले 6 दिन में 3900 इंडिगो फ्लाइट कैंसिल

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की उड़ान सेवाएं सोमवार को भी पटरी पर नहीं लौट सकीं हैं। दिल्ली, श्रीनगर, हैदराबाद, बेंगलुरु एयरपोर्ट से सुबह 9 बजे तक 300 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं।

एक दिन पहले भी एयरलाइन ने 650 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी थीं। हालांकि कंपनी ने 2,300 दैनिक उड़ानों में से 1,650 संचालित करने का दावा किया है। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा- स्थिति रोज बेहतर हो रही है। 10 दिसंबर तक नेटवर्क स्थिर होने की उम्मीद है। पहले कंपनी ने 10 से 15 दिसंबर तक सामान्य होने की बात कही थी। इंडिगो ने हालिया उड़ान संकट के दौरान 610 करोड़ के रिफंड प्रोसेस किए हैं। इसके साथ ही 3,000 यात्रियों का बैगेज वापस पहुंचा दिया है।

सरकार ने 1 दिन पहले ही रिफंड रविवार शाम 8 बजे तक पूरा करने और अलग हुए बैगेज 48 घंटे में यात्रियों को लौटाने का निर्देश दिया था।



**एयरलाइन का दावा- ऑपरेशन 3 दिन में सुधर जाएगा**

### कंपनी का दावा- पायलट पर्याप्त, बफर कम

इंडिगो ने कहा- मौजूदा संकट की वजह जानने के लिए रूट कॉज एनालिसिस होगा। एक अधिकारी ने बताया, नई एफडीटीएल व्यवस्था लागू होने के चलते क्रू प्लानिंग में बफर की कमी संकट का प्रमुख कारण रही। हमारे पास पायलटों की कमी नहीं। बस अन्य एयरलाइनों जितना बफर स्टाफ नहीं था। संसद की परिवहन, पर्यटन और संस्कृति मामलों की समिति भी इंडिगो और डीजीसीए के अधिकारियों को तलब कर सकती है।

### डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ को 24 घंटे और दिए

डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ और अकाउंटेबल मैनेजर को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए 24 घंटे और दे दिए। दोनों सोमवार शाम तक जवाब दे सकेंगे। कंपनी प्रबंधन ने समय बढ़ाने का आग्रह किया था।

## वंदे मातरम के 150 साल पूरे, लोकसभा में चर्चा आज पीएम मोदी शुरूआत करेंगे

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के छठे दिन सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर चर्चा की जानी है। इसके लिए 10 घंटे का समय तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12 बजे इस चर्चा की शुरूआत करेंगे। सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई केंद्रीय मंत्री भी हिस्सा लेंगे। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की तरफ से पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी और लोकसभा में उपनेता प्रतिपक्ष गौरव गोगोई समेत 8 सांसद बोलेंगे। इनके अलावा अन्य दलों के सांसद अपनी बात रखेंगे। दरअसल राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के मौके पर भारत सरकार की ओर से सालभर का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।



## एसआईआर प्रक्रिया- तमिलनाडु में 84 लाख वोटर्स के फॉर्म जमा नहीं

**चेन्नई/कोलकाता/तिरुवनंतपुरम।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के फॉर्म 11 दिसंबर तक जमा होंगे। इसी बीच तमिलनाडु में अब तक मिले डेटा से पता चलता है कि मसौदा मतदाता सूची से 84 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कट सकते हैं। राज्य में अब तक 84.91 लाख एन्यूमरेशन फॉर्म अनकलेक्टेबल श्रेणी में हैं। यानी इन फॉर्म को अलग-अलग कारणों से इकट्ठा नहीं किया सकता है। इसमें अधूरी जानकारी होना, 2003 की लिस्ट में नाम न मिलना, वोटर की मौत या शिफ्ट हो जाना प्रमुख कारण हैं। वहीं बंगाल में शुक्रवार तक अनकलेक्टेबल एन्यूमरेशन फॉर्म की संख्या 54.59 लाख थी। यानी इनके नाम वोटर्स लिस्ट से कटने की आशंका है।

## मैंने टैरिफ की मदद से 8 युद्ध खत्म किए, ये बहुत आसान और तेज तरीका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी पत्नी के साथ वॉशिंगटन डीसी में हुए केनेडी सेंटर ऑनर्स कार्यक्रम में पहुंचे। यहां ट्रम्प ने कहा कि उनकी टैरिफ पॉलिसी देश की सुरक्षा के लिए बहुत फायदेमंद है। ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने अपनी ट्रेड और टैरिफ पॉलिसी की वजह से आठ युद्ध खत्म किए हैं। ट्रम्प का यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका का सुप्रीम कोर्ट जल्द ही यह फैसला सुनाने वाला है कि क्या उन्होंने राष्ट्रपति पद की ताकत का गलत इस्तेमाल करते हुए बड़े पैमाने पर टैरिफ लगाए। ट्रम्प ने जनवरी में दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद कई देशों पर पुराने टैरिफ फिर से लागू कर दिए और कुछ नए टैरिफ भी लगाए।



## भारतीय सामान 40 की जगह 24 दिन में रूस पहुंचेगा

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच चेन्नई-व्लादिवोस्तोक ईस्टर्न कॉरिडोर को लेकर चर्चा हुई। यह कॉरिडोर सिर्फ 10,370 किमी लंबा होगा, जिससे भारतीय जहाज औसतन 24 दिन में रूस पहुंच सकेंगे। फिलहाल भारत से रूस के सेंट पीटर्सबर्ग तक सामान भेजने के लिए जहाजों को लगभग 16,060 किमी की लंबी यात्रा करनी पड़ती है, जिसमें करीब 40 दिन लग जाते हैं। यानी यह नया रूट लगभग 5,700 किमी छोटा है और भारत को सीधे 16 दिन की बचत होगी। पुतिन और पीएम मोदी के बीच 5 दिसंबर को हुई वार्ता में इस समुद्री मार्ग को जल्द शुरू करने पर सहमति बनी।

## एमपी में 10 इनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर

ब्रह्मास्त्र » बालाघाट

एमपी के बालाघाट में नक्सल इतिहास में पहली बार एक साथ 10 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें 77 लाख रुपए का इनामी हार्डकोर नक्सली सुरेंद्र उर्फ कबीर भी शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इन नक्सलियों ने अपने हथियार सौंपे। इन सभी नक्सलियों पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र में 2 करोड़ 36 लाख का इनाम घोषित है। इनमें चार महिला और छह पुरुष नक्सली हैं। नक्सलवादियों ने दो एके 47, दो इंसास रायफल, एक एसएलआर, दो एसएसआर, सात बीजीएल सेल व चार वॉकीटाकी पुलिस को सौंपे हैं। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि बालाघाट जोन में इस साल अब तक 10 हार्डकोर नक्सली मारे जा चुके हैं। इन पर 1.86 करोड़ का इनाम था। लगातार अभियान चलने का परिणाम है कि अनंत और विकास ने आत्मसमर्पण किया था, मंडला, डिंडौरी डेंजर जोन से बाहर आए हैं।

## मप्र में शीतलहर का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

उत्तर भारत में शीतलहर का असर जारी है। पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में रविवार को न्यूनतम तापमान तीन से सात डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने सोमवार को मध्य प्रदेश में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। भोपाल में पिछले 3 दिनों से शीतलहर चल रही है। यहां रविवार को पारा 7 डिग्री तक गिर गया। 17 शहरों में तापमान 10 डिग्री से कम दर्ज हुआ। ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और सागर संभाग में शीतलहर का असर सबसे ज्यादा है। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी के बीच पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। इसके कारण जोधपुर, जैसलमेर समेत कुछ जिलों में बादल छाए रहे। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई, जिससे शीतलहर से लोगों को फिलहाल राहत मिली है। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में तापमान शून्य से नीचे चला गया है। रविवार को अमरनाथ यात्रा बेस कैंप जम्मू-कश्मीर में सबसे ठंडी जगह रही।

## श्रद्धालुओं की कार खाई में गिरी, 5 की मौत

ब्रह्मास्त्र » नासिक

महाराष्ट्र के नासिक जिले के वनी इलाके में एक इनोवा कार गहरी खाई में गिर गई, जिसमें सवार सभी 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे के वक्त सभी श्रद्धालु सप्तश्रृंगी देवी के दर्शन करके वापस लौट रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सीधी घाटी में जा समाई। घटना वनी के गणपति प्वाइंट के पास हुई बताई जा रही है। यह जगह घाट एरिया में आती है, जहां सड़कें घुमावदार और ऊंचाई पर होती हैं। लौटते समय कार पर से कंट्रोल छूट गया और वाहन सुरक्षा बैरिकेड तोड़कर नीचे गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना जोरदार था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और किसी को बचने का मौका ही नहीं मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया।

# निराश्रित पशु बने जी का जंजाल

### लाखों रूपए खर्च... बावजूद इसके सड़कों पर मवेशियों का विचरण

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

शहर की सड़कों पर निराश्रित मवेशियों को हटाने के लिए भले ही शासन प्रशासन ने अभी तक लाखों रूपए खर्च कर दिए हो लेकिन बावजूद इसके सड़कों पर मवेशियों का विचरण देखा जा सकता है। बता दें कि जो स्थिति है ऐसे में निराश्रित पशुओं की समस्या एक बड़ी चुनौती है।

सरकार का फोकस गौ संवर्धन और संरक्षण पर है। इसके साथ ही सरकार मप्र निराश्रित पशुओं के लिए योजनाएं चला रही है। ताकि सड़कों से पशुओं को हटाया जा सके। इसके लिए सरकार ने करीब आधा दर्जन योजनाएं संचालित कर रखी है। इन योजनाओं पर अरबों रूपए खर्च किए गए हैं। लेकिन विडंबना यह है कि उसके बाद भी सड़कों पर लाखों पशु अभी भी देखे जा सकते हैं। निराश्रित पशुओं के कानों के ऊपर टैग लगाने को लेकर एक अभियान पशुपालन विभाग ने चलाया था, लेकिन इसका ग्रामीणों और पशु मालिकों ने विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद इसे रोकना पड़ा। क्योंकि, इसमें मालिक का पता चलते ही उसके खिलाफ कार्रवाई करने का प्रावधान था।



गौरतलब है कि सड़कों पर होने वाले हादसों को रोकने के लिए राज्य सरकार ने निराश्रित पशुओं के लिए करीब आधा दर्जन योजनाएं शुरू करने का प्लान बनाया, लेकिन जमीनी स्तर पर एक भी योजना नहीं पहुंची। हाल यह है कि उज्जैन सहित प्रदेश में 2937 गोशालाएं संचालित हो रही हैं और इन्हें दस महीने में करीब 270 करोड़ रुपए दिए भी गए, लेकिन निराश्रित पशुओं की संख्या कम नहीं हुई। इन गौशालाओं में अभी करीब 4.22 लाख गोवंश रह रहा है। विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार अभी इतनी ही संख्या में यहां पशु रह सकते हैं, लेकिन सड़कों पर मौजूद पशुओं की संख्या कम नहीं हो रही है।

### निराश्रित पशुओं की समस्या एक बड़ी चुनौती

- निराश्रित पशुओं की समस्या एक बड़ी चुनौती है, जिससे निपटने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जैसे स्वावलंबी गौशाला स्थापना नीति-2025 लाना और गौशालाओं को आर्थिक सहायता देना, साथ ही गो-अभयारण्य बनाने और सड़कों से पशुओं को हटाने के लिए अभियान चलाना भी शामिल है, हालांकि जमीनी स्तर पर ये योजनाएं अभी भी पूरी तरह सफल नहीं हो पाई हैं और सड़क दुर्घटनाएं व फसल नुकसान जारी हैं।
- पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी सड़कों पर घूम रहे निराश्रित पशु जी का जंजाल बन गए हैं। नेशनल हाईवे और अन्य सड़कों से पशुओं को हटाने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें पशुपालन विभाग, नगर निगम और ग्राम पंचायतें शामिल हैं। सड़कों पर बड़ी संख्या में निराश्रित पशु घूम रहे हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं और फसल भी खराब हो रही हैं।




## खबर एक नजर...

### स्मृति ईरानी और बिहार के मंत्री ने किए महाकाल दर्शन



**उज्जैन।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री अशोक चौधरी ने महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए। स्मृति ईरानी ने शनिवार रात को दर्शन लाभ लिया, जबकि मंत्री अशोक चौधरी ने रविवार सुबह भस्म आरती में भाग लिया। मंदिर समिति ने दोनों नेताओं का सम्मान किया। रविवार सुबह, बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री अशोक चौधरी ने बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल होकर दर्शन किए। दर्शन-पूजन के बाद मंदिर के उपप्रशासक एसएन सोनी ने मंत्री चौधरी का सम्मान किया और उन्हें भगवान महाकाल का प्रसाद भेंट किया। शनिवार रात को शयन आरती से पूर्व, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी महाकाल मंदिर पहुंचकर नंदी हॉल से भगवान महाकाल के दर्शन-पूजन किए। उन्होंने नंदी जी के कान में अपनी मनोकामना भी कही। दर्शन के बाद स्मृति ईरानी ने कहा कि वह स्वयं को भाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें बाबा महाकाल के दर्शन का अवसर मिला। उन्होंने उज्जैन की भूमि पर वास करने वाले लोगों को भी सौभाग्यशाली बताया। मंदिर समिति द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को भगवान महाकाल का प्रसाद और दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया। मंत्री अशोक चौधरी को भी भगवान महाकाल का प्रसाद भेंट कर सम्मान किया गया।

### भट्टा संचालक को कार ने मारी टक्कर, घायल

उज्जैन। जानसापुरा का रहने वाला शिवलाल पिता कन्हैयालाल रंजीत हनुमान क्षेत्र में ईंट भट्टा संचालित करता है। रविवार सुबह मजदूरों को लेने बाइक से जवासिया जा रहा था, रास्ते में तेजगति से आई कार ने टक्कर मार दी। शिवलाल गंभीर घायल हुआ है। जिसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था। जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

### गहलोत अजाक्स उज्जैन के नए जिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी, कर्मचारी संघ एवं अजाक्स के जिलाध्यक्ष डॉ. आरएल परमार की सहमति से दरियावसिंह गहलोत को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी डीएल भीलवाड़ा ने बताया नियुक्ति होने पर संगठन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने गहलोत का स्वागत किया। नव-नियुक्त गहलोत ने प्रांतीय अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सौंपी गई जिम्मेदारी का निष्ठा से निर्वहन करने के साथ ही संगठन को मजबूत बनाने और अधिकारी-कर्मचारियों के हित में सतत कार्य करेंगे।

### बैंक अधिकारी संगठन के वार्षिक खेल महोत्सव में हुआ क्रिकेट मैच

**उज्जैन।** बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संगठन उज्जैन इकाई के वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ आंचलिक प्रबंधक अजीतकुमार शरण एवं द्रोणाचार्य विजेता योगेश मालवीय की उपस्थिति में किया गया। इसी कड़ी में रविवार को क्रिकेट मैच का आयोजन रखा गया। खेल महोत्सव अंतर्गत अगले रविवार को बैडमिंटन, टेबल टेनिस, केरम एवं अन्य खेलों का आयोजन होना है। अधिकारी संघ के मुकेश निम एवं प्रवीण मेहता ने बताया संगठन द्वारा हर वर्ष इस तरह के खेल एवं अन्य गतिविधि का आयोजन किया जाता है।





# बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठंड, लुढ़का पारा

## उज्जैन में चार दिनों में पारा दो डिग्री गिरा, मौसम विभाग ने और गिरावट का अनुमान जताया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उत्तर भारत से पहुंच रही बर्फीली हवाओं के कारण मध्यप्रदेश में ठंड का असर तेजी से बढ़ गया है। इसका सीधा प्रभाव दिन और रात दोनों समय के तापमान पर पड़ा है। उज्जैन में भी पिछले चार दिनों में पारा दो डिग्री तक नीचे चला गया है। दिन में ठंडी हवा चलने से शीतलहर जैसे हालात बन रहे हैं और लोगों को ठिठुरन का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ी इलाकों से आने वाली तेज ठंडी हवाओं ने मौसम को और ठंडा कर दिया है। इससे पहले एक सप्ताह तक दिन में हल्की गर्मी और रात में ठंड का मिश्रित असर बना हुआ था, लेकिन पिछले दो दिनों से मौसम पूरी तरह सर्द हो गया है। रात और सुबह के समय ठंड काफी तेज हो गई है। दिन में धूप निकलने पर हल्की राहत जरूर मिलती है, लेकिन हवा की ठिठुरन ठंड का असर बनाए रखती है।

शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। रविवार को न्यूनतम तापमान बढ़कर 11 डिग्री दर्ज हुआ। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ. आर.पी. गुप्त के अनुसार, उत्तर दिशा से लगातार चल रही बर्फीली हवाएं ही तापमान में गिरावट का मुख्य कारण हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में भी यही स्थिति बनी रहेगी और न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज हो सकती है।

# उज्जैन में राज्य स्तरीय युवा उत्सव अब जनवरी में

## सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की मेजबानी, सीएम डॉ मोहन यादव होंगे शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में 8 से 10 दिसंबर तक प्रस्तावित राज्य स्तरीय युवा उत्सव अब अगले वर्ष 8 से 10 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जिसके चलते तारीख बदलने का निर्णय लिया गया है।

विश्वविद्यालय को लगभग पांच वर्ष बाद राज्य स्तरीय युवा उत्सव की मेजबानी मिली है। इस जिम्मेदारी के बाद से ही तैयारियां प्रारंभ हो गई थीं। आयोजन के लिए पहले 8, 9 और 10 दिसंबर की तिथियां तय की गई थीं।

**22 विधाओं में मुकाबले-** तीन दिवसीय युवा उत्सव में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से चयनित करीब 500 विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रतिभागी 22 सांस्कृतिक व साहित्यिक विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में पहले से ही तैयारी का दौर जारी है।




**आयोजन के लिए भेजा पत्र-** कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि युवा उत्सव अब 8 से 10 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग को औपचारिक रूप से पत्र भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कार्यक्रम और भी भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा, इसलिए आयोजन को दिसंबर की बजाय जनवरी में शिफ्ट किया गया है।

# भूखी माता रोड पर बनेगा जैन जहाज मंदिर, भूमिपूजन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जैनाचार्य सागरचंद्र सागर सूरी की निश्रा में भूखी माता मंदिर रोड पर गुरुद्वारे के पास भव्य जैन जहाज मंदिर निर्माण के संकल्प के साथ भूमिपूजन किया गया। ट्रस्ट के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी और प्रदीप दख ने बताया गुरुदेव अशोक सागर सूरीश्वर के आशीर्वाद से श्री शक्रस्तव पद्मावती शक्ति पीठ के तत्वावधान में रविवार सुबह 7 बजे नवग्रह पूजन, क्षेत्रपाल पूजन आदि विधि-विधान पूर्वक शुभ मुहूर्त में जैन मंदिर का खाद मुहूर्त हुआ। इस आयोजन में प्रसन्न लोढ़ा के प्रयास और शहर के अनेक संघों सहित श्री माणिभद्र तीर्थधाम भैरवगढ़ का सहयोग रहा।

# बजरंग दल ने मनाया शौर्य दिवस चकोर पार्क से शौर्य यात्रा निकाली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बजरंग दल माधव प्रखंड उज्जैन महानगर ने शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार दोपहर 12 बजे शौर्य यात्रा निकाली। यात्रा चकोर पार्क से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई टावर चौक पर समाप्त हुई। बजरंग दल जिला सह संयोजक लवेश सोनी ने बताया 6 दिसंबर 1992 का दिन केवल शौर्यगाथा नहीं असत्य पर सत्य की जीत का भी प्रतीक है। इसे बजरंग दल शौर्य दिवस के रूप में मनाता है। यात्रा में जसवंत सोलंकी, दीपक सूर्यवंशी, नितिन मालवीय, बंटी राउट, पवन वर्मा, राम यादव, अभय कैथवास और संगठन के कार्यकर्ता व युवा उपस्थित रहे।

# हिरासत में आये देवास से शराब लेकर आ रहे युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रात में स्कूटी पर झोले में छुपाकर शराब ला रहे 2 युवको को पुलिस ने सूचना मिलने के बाद घेराबंदी कर हिरासत में लिया। 24 हजार से अधिक की शराब बरामद होने पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।


नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि शनिवार रात खबर मिली थी कि देवास की ओर से स्कूटी क्रमांक एमपी 13 ईवी 2242 पर सवार दो युवक झोले में अवैध शराब छुपाकर पालखंदा की ओर आ रहे है। तत्काल अवैध शराब का परिवहन करने वालों की धरपकड़ के लिये ग्राम मुंजाखेड़ी मोड़, नॉलेज सिटी रोड पर घेराबंदी की गई। स्कूटी के आते ही पुलिस ने दोनों को रोका और उनके पास मौजूद झोलों की तलाशी ली। जिसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे थे। दोनों को हिरासत में लिया गया और शराब के साथ स्कूटी थाने लाई गई। जहां पूछताछ में दोनों के नाम अमन पिता राकेश रायकवार 21 वर्ष निवासी कंचनपुरा, मक्सी रोड उज्जैन और अमन पिता राजू श्रीवास्तव 23 वर्ष निवासी शास्त्री नगर सामने आये। उनके पास से बरामद शराब 310 क्वार्टर कीमत 24 हजार 800 और स्कूटी 45 हजार कीमत की होना पाई गई। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। दोनों का कहना था कि शराब कचनारिया हाईवे पुलिया के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति को देने जा रहे थे। जिसे पहचानते नहीं है, उनके पहुंचने पर वह खुद संपर्क करने वाला था। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### टूटे ढाबे में छुपा रखी थी शराब की पेटियां

अवैध शराब के मामले में नीलगंगा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सर्कल भ्रमण के दौरान पलिस को खबर मिली थी कि एक व्यक्ति वाकणकर ब्रिज के पास बने एक टूटे हुए ढाबे के समीप बैग में अंग्रेजी शराब बेचने के लिये खड़ा है। खबर मिलने पर दबिश दी गई, बेग लेकर खड़े व्यक्ति ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया, जिसे पीछा कर पकड़ा तो उसके बेग में से 8 बोतल अंग्रेजी शराब की बरामद हो गई। पूछताछ करने पर उसने बताया कि टूटे ढाबे में ओर शराब रखी हुई है। पुलिस ने ढाबे में सर्चिंग की तो वहां से 2 पेटी अंग्रेजी शराब की ओर बरामद हो गई। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि बरामद शराब 85 हजार रुपए के लगभग है। हिरासत में आया आरोपी जगदीश पिता रामचंद्र माली 49 साल निवासी ग्राम दाऊदखेड़ी का रहने वाला है। प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

उज्जैन
सोमवार
08
दिसम्बर, 2025

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### पड़ोसी ने महिला से किया दुष्कर्म, झासा देकर लिव इन में रखा

**इंदौर।** इंदौर के भंवरकुआ इलाके में रहने वाली एक महिला से उसके पड़ोसी युवक ने दोस्ती कर रेप किया। पीड़िता ने शनिवार को थाने में जाकर शिकायत की है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि 6 माह पहले वह पालदा में किराये से रहती थी। यहां पर शंकर मीना रहता था। उससे पहचान हो गई। दोनों में बातचीत बढ़ी तो शंकर ने कहा कि वह उसे पसंद करता है। शादी करना चाहता है। इसके बाद उसने साथ में रहने की बात कही। हम एक ही रूम में रहने लगे। इस दौरान शंकर ने कई बार सबंध बनाए। इस बीच मैंने कई बार शादी के लिए कहा तो वह टाल देता था। 24 नवंबर को फिर शादी की बात की तो वह विवाद कर घर से चला गया। इसके बाद कई बार उससे मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की। उसने कॉल नहीं उठाया। आखिरकार शनिवार को थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई।

### एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन सहित 9 कोर्स में जीरो एडमिशन

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में पीजी एडमिशन को लेकर चौंकाने वाली जानकारी आई है। एमए इन ज्योतिष विज्ञान, एमए इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन और एमए म्यूजिक सहित 9 कोर्स में एक भी एडमिशन नहीं हुआ है। 16 दिसंबर से होने जा रही पीजी फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा के एग्जाम फॉर्म भरवाए तो यह बात सामने आई है। दो वर्षीय पीजी कोर्स व एक वर्षीय प्रोग्राम दोनों में ही इन विषयों में एक भी एडमिशन नहीं हुआ है। एमए ड्राइंग एंड पेंटिंग कोर्स में भी सिर्फ 4 एडमिशन हुए हैं। एक वर्षीय एमए फिलॉसफी प्रोग्राम में एक छात्र ने प्रवेश लिया। वहीं एमए संस्कृत (साहित्य इतिहास) कोर्स में भी एक छात्र ही है। नई शिक्षा नीति के तहत एमए में स्पेशलाइजेशन कोर्स की संख्या 18 से बढ़कर सीधे 28 हो गई है। कई स्पेशलाइजेशन को छात्रों ने नहीं चुना है। डीएवीवी एमएससी में भी कुल 14 स्पेशलाइजेशन चलाती है, जबकि एमकॉम का एक सिंगल कोर्स है। डीएवीवी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी का कहना है कि 9 कोर्स में एक भी छात्र नहीं है। इसलिए इनकी परीक्षा नहीं होगी। कुछ स्पेशलाइजेशन तो ऐसे हैं, जिनकी डिमांड रहती है। किन वजहों से कॉलेजों में एडमिशन नहीं हुए, वह पता कर रहे हैं।

### नकली बायो डीजल बेचने वाले प्राप्ति बायो डीजल पंप सील

**इंदौर।** देपालपुर स्थित प्राप्ति बायो डीजल पंप द्वारा अवैध रूप से नकली बायो डीजल की बिक्री करने पर रविवार को खाद्य विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। खाद्य विभाग की टीम ने पंप को मौके पर सील कर दिया है। यहां प्रारंभिक जांच में नकली बायो डीजल होना पाया गया है। दरअसल इस पंप की शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा जांच की गई। प्रारंभिक जांच में नकली बायो डीजल पाए जाने पर पंप को सील किया गया है। इसके साथ ही पंप संचालक द्वारा राज्य सरकार के अधिकृत लाइसेंस प्राप्त छह कंपनी के सप्लायर से सप्लाय नहीं लेकर अनाधिकृत फर्म से सप्लाय लेना पाया गया। पंप संचालक इ100 मानक का ही बायो डीजल विक्रय कर सकते हैं, बायो डीजल के मानक की डेंसिटी 900 से ऊपर होती है परंतु मौके पर डेंसिटी 821 पाई गई। मौके से कुल 17671 लीटर नकली बायो डीजल जप्त किया गया जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रु. है। नकली बायो डीजल के सैम्पल लेकर पंप में बिक्री बंद करवाते हुए पंप, डिस्पेंसरी यूनिट और भूमिगत टैंक को सील कर दिया गया है। सैंपल अधिकृत लेबोरेटरी में टेस्टिंग के लिए भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### इंदौर से दिल्ली-मुंबई का किराया शारजाह से महंगा, आज भी मप्र में इंडिगो का संचालन प्रभावित

# इंडिगो के कारण डोमेस्टिक फ्लाइट हुई महंगी

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर एयरपोर्ट से रविवार को भी इंडिगो की उड़ान प्रभावित है। वहीं सोमवार को भी फ्लाइट प्रभावित रहेंगी। देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट पर यात्री लगातार परेशान हो रहे हैं। एयरपोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को भी सुबह की इंदौर से आने और जाने वाली 3 से ज्यादा फ्लाइट कैंसल हैं।




वहीं एयरपोर्ट पर उड़ान निरस्ती और अफरा-तफरी के बीच अचानक किरायों में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। इंदौर से शारजाह जैसे इंटरनेशनल रूट का टिकट डॉमेस्टिक उड़ानों से भी सस्ता पड़ रहा है। दिल्ली, मुंबई और अन्य शहरों के किराए 15 हजार रुपए से ज्यादा है।

ट्रेवल एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया बताते हैं कि इंडिगो के इस अभूतपूर्व संकट ने यात्रियों को मुश्किल में डाल दिया है। इंडिगो से सफर करने वाले यात्री परेशान हो रहे हैं। दूसरी एयरलाइंस आराम से चल रही है। इंदौर से शारजाह उड़ान का संचालन एयर इंडिया एक्सप्रेस कर रही है। उसकी उड़ान नियमित रूप से चल रही है। इसलिए किराए पर कोई अंतर नहीं पड़ा है। डोमेस्टिक में इंडिगो सबसे अधिक उड़ान का संचालन करती है। इसलिए किराए पर अंतर पड़ गया है। वहीं फ्लाइट की परेशानी के कारण ट्रेनों और बस में सीट मिलना मुश्किल हो गई है। ट्रेवल एजेंटों के अनुसार ट्रेन में तत्काल कोटा पाना मुश्किल हो गया है। जबकि बस में तो एक एक सीट के लिए संघर्ष हो गया है।

- **घरेलू रूट पर किराया ज्यादा, विदेश जाना सस्ता-** इंदौर-शारजाह का किराया 16,000 से 17,600 रुपए, इंदौरझदिल्ली का किराया 16,700 से 20,200 रुपए और इंदौर-मुंबई का किराया इकोनॉमी सोल्ड आउट बिजनेस 29,000 रुपए है। इससे यह साफ है कि अंतरराष्ट्रीय रूट (इंदौर-शारजाह) घरेलू उड़ानों से सस्ता है। दिल्ली का किराया कई स्लॉट्स में शारजाह से अधिक है। वहीं मुंबई का किराया तो शारजाह से लगभग दोगुना है।
- **इंडिगो की ओर से नहीं मिल रहा रिस्पांस-** इंदौर एयरपोर्ट पर यात्री फ्लाइट के कैंसल होने से सबसे ज्यादा परेशान हो रहे हैं। यात्रियों की इंडिगो दो से तीन बाद की फ्लाइट का ऑप्शन दे रही है। वहीं इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन ने इंडिगो का हेल्पलाइन नंबर 98211 92283 जारी किया है। यात्रियों की शिकायत है कि इस नंबर पर कोई रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। इंदौर एयरपोर्ट पर इंडिगो के काउंटर पर भी यात्रियों को अपने सवालों के संतुष्ट पूर्ण जवाब नहीं मिल पा रहे हैं।
- **एयरपोर्ट प्रबंधन की पोस्ट- संचालन सुचारू और सामान्य-** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर नाम से बने इंदौर एयरपोर्ट के ऑफिशियल हैंडल से रात 10.13 बजे एयरपोर्ट के फोटो के साथ लिखा गया कि इंदौर एयरपोर्ट पर सभी संचालन सुचारू रूप से और सामान्य रूप से चल रहे हैं। कृपया आधिकारिक अपडेट पर ही भरोसा करें और किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी से बचें। इसके बाद एक अन्य पोस्ट में लिखा कि हम सभी यात्रियों को सुरक्षित एवं कुशल सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- आपकी सुरक्षा और सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बताया गया कि यह इस ऑफिशियल अकाउंट पर सभी पोस्ट एयरपोर्ट डायरेक्टर के निर्देश पर शेयर की जाती है। पोस्ट को खुद एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार ने भी कुछ ग्रुप पर शेयर किया। जब लोगों ने आइना दिखाया कि आज 30 से ज्यादा उड़ानें निरस्त हैं और आप इसे सभी संचालन सुचारू और सामान्य कह रहे हैं तो एयरपोर्ट डायरेक्टर ने तुरंत अपने वाट्सऐप पोस्ट डिलीट कर दिए।

### इंदौर में चाइना डोर से फिर हुए दो हादसे

# बाइक से जाते समय युवक का गला कटा

### खजराना में भी युवक का अंगूठा कटा

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर में रविवार शाम चाइना डोर से फिर दो हादसे हो गए। सेंट्रल कोतवाली इलाके में बाइक से जा रहे एक युवक का गला चाइना डोर से कट गया। वहीं दूसरे व्यक्ति के साथ खजराना में घटना हुई। जिसमें पैर के अंगूठे में चाइना की डोर उलझने से चोट लगी है। दोनों का एमवाय में उपचार चल रहा है।

पहला मामला हाथीपाला इलाके का है। रविवार शाम करीब 7 बजे के लगभग यहां पर रेहान(30) पुत्र मकबूल खान निवासी साउथ तोड़ा अपनी बाइक से घर जा रहे थे। अचानक चाइना की डोर उनके ऊपर



आई। वह आगे की तरफ निकले। जिससे उनके गले में चोट लग गई। उन्होंने अपना बचाव किया। इस दौरान ज्यादा खून बहने से लोगों ने मदद कर उन्हें एमवायएच भेजा। रेहान लोहे की पेटी बनाने का काम करते हैं। अपना काम निपटाकर वह घर की तरफ जा रहे थे।

दूसरी घटना रविवार शाम रोबोट चौराहे के यहां हुई। यहां पर जीवन(27)पुत्र शिव निवासी सतवास के पैर में चाइना डोर आकर उलझी। इस दौरान उनके पैर का अंगूठा कट गया। उन्हें ज्यादा चोट लगने के चलते खून निकलने लगा। जीवन इस दौरान पैदल थे। वहां से जा रहे राहगीर उन्हें ज्यादा खून बहने के चलते रेवा अस्पताल ले गए। यहां से उन्हें एमवाय भेजा गया है। उनका आकस्मिक यूनिट में उपचार चल रहा है।

पिछले रविवार को चाइना डोर से तेजाजी नगर इलाके में एक छात्र गुलशन पुत्र रामकिशन की मौत हो गई थी। वह अपने भाई ओर दो दोस्तो के साथ रालामंडल घूमने गया था। इस दौरान वह बाइक से अपने घर जा रहा थ। तभी हादसे का शिकार हो गया। बाद में थाना इलाके को लेकर पुलिस उलझती रही। रात में अफसरों ने मामला कनाडिया थाने को सौंपा था।

## फिर डिजिटल अरेस्ट : बुजुर्ग ने जेवर गिरवी रखे, एफडी तोड़ी और ठगों को 27 लाख सौंपे

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इतनी चेतावनी और जागरूकता अभियान के बाद भी साइबर ठगों को आतंक कम नहीं हो रहा है। इस बार बाणगंगा क्षेत्र के निवासी 62 वर्षीय बुजुर्ग जानकारी के अभाव में ठगों की धमकी से डर गए। 20 बदमाशों ने उन्हें टेलीकॉम अधिकारी बन कॉल किया और डराया कि उनके नाम से दो सिम एक्टिव हैं। दूसरी सिम और उनके आधार से मनी लॉन्ड्रिंग की जारी है। ठगों ने बुजुर्ग को धमकाया कि यदि उन्हें रुपए नहीं दिए तो वे मुंबई के कोलाबा में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा देंगे।

7 से 8 दिन तक लगातार बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर ठगों ने कभी सीबीआई तो कभी पुलिस अफसर बन उसने 27.60 लाख रुपए से ज्यादा हासिल कर लिए। इसके लिए बुजुर्ग ने अपने पुश्तैनी गहने तक गिरवी रखवा दिए और एफडी भी तुड़वा ली। ठगों ने 20 नवंबर को पहली बार कॉल किया। 21 नवंबर को सुबह सीबीआई ऑफिसर बन धमकाया कि सहयोग नहीं करने पर गिरफ्तारी होगी। घरवालों को बताने पर जान के खतरा है। बाद में एक और ठग ने दूसरा सीबीआई अधिकारी आनंद कुमार बन बात की।

# नई बनने वाली 25 सड़कों पर 60 वाटर रिचार्जिंग स्टेशन बनाएंगे

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

विकास कार्यों के बीच अब सरकारी एजेंसियों को पानी की चिंता भी सताने लगी है। इसी चिंता को दूर करने के लिए अहम निर्णय हुआ है कि मास्टर प्लान की सड़कों में भूजल संरक्षण के लिए वाटर रिचार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसकी शुरूआत आईडीए 25 नई सड़कों पर 60 वाटर रिचार्जिंग स्टेशन बनाने के साथ करेगा। इसमें ज्यादातर सड़कें टीपीएस (टाउन प्लानिंग स्कीम) की हैं।

दरअसल, एक सर्वे में ये खुलासा हुआ है कि शहर में अब भी 44 फीसदी भूजल का उपयोग हो रहा है। ये स्थिति तब है, जब नर्मदा से लगभग 500 एमएलडी पानी मिल रहा है। अनुमान है



कि शहर में निजी व सरकारी मिलाकर करीब 2.50 लाख ट्यूबवेल हैं, जिनसे लगातार भूजल दोहन हो रहा है।

हाल ही में हुई आईडीए बोर्ड की बैठक में इस पर लंबी चर्चा हुई और तय हुआ कि अब बड़ी सड़कों के निर्माण में वाटर रिचार्जिंग स्टेशन का कॉन्ट्रैक्ट भी शामिल रहेगा। इन स्टेशनों पर बारिश का पानी जमीन में उतारेंगे। इसमें खास इंजीनियरिंग डिजाइन अपनाएंगे, जिसमें बारिश का पानी ढलान के माध्यम से सीधे रिचार्जिंग पॉइंट तक पहुंचेगा। आईडीए चेयरमैन सुदाम खाड़े ने बोर्ड बैठक में यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि हर प्रमुख सड़क के साथ पर्याप्त संख्या में वाटर रिचार्जिंग स्पॉट तैयार किए जाएं।

### कहां-कहां बनेंगी सड़कें और रिचार्जिंग सिस्टम

- टीपीएस 1 (खजराना) : 18 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी।
- टीपीएस 3 (लसूड़िया मोरी) : इस क्षेत्र में जरूरत के अनुसार 18, 50 और 75 मीटर चौड़ी सड़कें बनाई जाएंगी।
- टीपीएस 4 (निपानिया): यहां 30 और 45 मीटर चौड़ी सड़कों का प्रस्ताव है।
- टीपीएस 5 : गांवों की सड़कों को भी चौड़ा किया जाएगा। कनाड़िया : यहां 36 और 45 मीटर चौड़ी सड़कें प्रस्तावित हैं।
- टीपीएस 8 : कैलोदहाला, भौंरासला, भांग्या, शक्करखेड़ी, अरंडिया और तलावली चांदा जैसे क्षेत्रों में 30 से लेकर 60 मीटर तक की सड़कें बनेंगी।
- टीपीएस 9 : भूरी टेकरी, बिचौली हप्सी, कनाड़िया रोड और टिगरिया राव में 18.30 मीटर और 45 मीटर चौड़ी सड़कें बनाने की योजना है।
- टीपीएस 10 : बड़ा बांगड़दा और पालाखेड़ी में 30 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा।

## खबर एक नजर...

### हिंदी भाषा मे ‟बस यूँ हीं‟, मराठी भाषा में ‟भाव रंग‟ पुस्तकों का विमोचन

**उज्जैन।** ‟अनामिक‟ सखी मराठी साहित्य संघ की साहित्यकार सुनीता केलकर की काव्य रचनाओं के संग्रह हिंदी भाषा मे ‟बस यूँ हीं‟ व मराठी भाषा मे ‟भाव रंग‟ पुस्तकों का विमोचन समारोह पूर्वक किया गया।

मुख्य अतिथि कविन्द्र कियावत सेवानिवृत्त आईएएस, जयश्री कियावत सेवानिवृत्त आईएएस, विजय सिंह वर्मा सेवानिवृत्त प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, वरिष्ठ पत्रकार जय यादव, साहित्यकार राजश्री जोशी तथा हेमन्त भिड़े के द्वारा पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अनामिक संस्था की सखियां, लोक निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन किर्ति पटवर्धन तथा स्वप्ना बापट द्वारा किया गया।

### क्षत्रिय कीर समाज की आराध्य देवी मां पूरी बाई की 315वीं जयंती 11 दिसंबर को मनाई जाएगी

**उज्जैन।** क्षत्रिय कीर समाज अपनी आराध्य देवी, मेवाड़ की शूरवीर योद्धा क्षत्राणी मां पूरी बाई की 315वीं जन्म जयंती बड़े धूमधाम से दिनांक 11 दिसंबर गुरुवार को देपालपुर में मनाई जाएगी। जिसको लेकर समाज ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश के समस्त 22 जिलों सहित विशेष रूप से उज्जैन, इंदौर, धार, रतलाम, शाजापुर, देवास, मंदसौर, नीमच, खरगोन, खंडवा, झाबुआ, बुरहानपुर और हरदा से कीर समाज के हजारों लोग शामिल होंगे। क्षत्रिय कीर समाज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम समाज सेवा, एकता और अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान का प्रतीक माना जा रहा है। समाजजन का कहना है कि इस आयोजन के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपनी विरासत, संस्कृति और वीर परंपराओं से परिचित कराने का उद्देश्य रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान समाज के युगपुरुषों की स्मृति को नमन किया जाएगा तथा समाज को संगठित कर उत्थान एवं विकास की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश देंगे। कीर समाज सेवा संगठन मध्यप्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस आयोजन में मौजूद रहेंगे।



# 9 को महाकाल नगरी उज्जैन में होगा ऐतिहासिक हनुमान ध्वज महासम्मेलन

**1551 हनुमान मंदिरों की पवित्र धर्म ध्वजा आएंगी एक मंच पर**

### बागेश्वर धाम सरकार श्री धीरेंद्र शास्त्री जी वर्चुअल सानिध्य प्रदान करेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



9 दिसंबर सुबह 10 बजे से हिन्दू संस्कृति संघ धर्मवीर बजरंग दल द्वारा उज्जैन जिले के इतिहास का सबसे विशाल सनातनी आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य कार्यक्रम में उज्जैन जिले के सभी 1551 श्री हनुमान मंदिरों से पवित्र धर्म ध्वजा आमंत्रित की जा रही है। सभी ध्वजाओं का विधि-विधान से पूजन होगा तथा विश्व विख्यात बागेश्वर धाम के सुंदरकांड मंडल द्वारा बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के दिव्य मार्गदर्शन में भव्य सुंदरकांड पाठ संपन्न होगा। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर इस आयोजन में वर्चुअल वीडियो कॉलिंग के माध्यम से उपस्थित रहेंगे।

आयोजन में जिले के सभी संत-महंत, कथावाचक, हनुमान मंदिर समितियां, सुंदरकांड-रामायण-हनुमान चालीसा मंडलियां, झंडा समितियां, गोशाला समितियां, गौसेवक दल, सभी हिन्दू संगठन एवं व्यायामशाला प्रमुख शामिल होंगे। संस्थापक एवं अध्यक्ष राजेश आंजना धर्मवीर ने पत्रकारवार्ता के माध्यम से बताया कि इस कार्यक्रम के चार प्रमुख लक्ष्य हैं। गाँव-गाँव एवं मोहल्लों में बंद पड़ी मंगलवार ध्वज-झंडा यात्रा को पुनः शुरू कराना, जिला पंचायत की 88 गोशालाओं में समिति बनाकर कम से कम 5100 निराश्रित गौमाताओं को आश्रय दिलाना, हर गाँव-मोहल्ले में ‟राष्ट्र शक्ति केंद्र‟ के रूप में हनुमान चालीसा मंडली स्थापित करना तथा भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की दिशा में गुरुकुल, व्यायामशाला एवं गौशाला युक्त हिन्दू संस्कृति केंद्रों की स्थापना। आयोजन के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव हैं। अध्यक्ष आंजना ने सभी सनातनी बंधुओं से अपील की है कि अपने-अपने क्षेत्र के हनुमान मंदिर या किसी भी प्रसिद्ध मंदिर के नाम से शीघ्र समिति बनवाकर रजिस्ट्रेशन कराएं और कार्यक्रम की प्रवेशिका प्राप्त करें। प्रेसवार्ता में उपाध्यक्ष ईश्वर भाट, महामंत्री हरिचरण सिंह मेवाडा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, मंत्री संतोष सोनिया, धमार्चार्य सह प्रमुख गौरव प्यासी, महाराज मीडिया प्रभारी अभिषेक सोनिया, सज्जन सिंह पटेल, सह मीडिया प्रभारी प्रद्युमन बैरागी, पिंटू बैरागी धर्मेंद्र यादव संतोष राठौड़ महेश बामनिया आदि मौजूद रहे।

# अत्यंत समृद्ध हैं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और परम्पराएँ - प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा

### भारत के सांस्कृतिक मानचित्र पर है छत्तीसगढ़ का विशेष स्थान - प्राचार्य प्रो (डॉ) अनुसूया अग्रवाल

### छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, साहित्य और परंपराएं पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ

### वरिष्ठ लोक संस्कृति मनीषी डॉ अनसूया अग्रवाल, छत्तीसगढ़ का हुआ सारस्वत सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

देश की प्रतिष्ठित संस्था राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, साहित्य और परंपराएं पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन की मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ अनसूया अग्रवाल, राजसमुन्द छत्तीसगढ़ थीं। मुख्य वक्ता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक प्रो शैलेंद्र कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि हरेराम वाजपेयी अध्यक्ष हिन्दी परिवार इन्दौर, राष्ट्रीय संयोजक श्री पदमचंद गांधी जयपुर, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ प्रभु चौधरी ने विषय के विविध पक्षों पर विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में वरिष्ठ लोक संस्कृति मनीषी डॉ अनसूया अग्रवाल, छत्तीसगढ़ के जन्मदिवस के अवसर पर उनका सारस्वत सम्मान किया गया।

मुख्य वक्ता प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा उज्जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और परम्पराएँ अत्यंत समृद्ध हैं। छत्तीसगढ़ प्रागैतिहासिक काल से लेकर रामायण - महाभारत और ऐतिहासिक काल तक अनेक महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी रहा है। छत्तीसगढ़ की लोक और जनजातीय संस्कृति भारत में अपना विशेष महत्व रखती है। पंडवानी, भरथरी, सुआ, गौरा, जसगीत, पंथी, नाचा, सैला, करमा, गेड़ी, ददरिया जैसी लोक विधाओं का संगीत और नृत्य अनुपम हैं। छत्तीसगढ़ में गोंड, हलबा, मुरिया, बैगा, कंवर, अबूझमाड़िया, बिंझवार, भतरा सहित कई जनजातियाँ निवासरत हैं, जिनकी बहुरंगी संस्कृति और रीतिरिवाज अपनी खास पहचान रखते हैं। ये अपनी अनूठी परम्पराओं, कला, नृत्य और जीवन शैली के लिए जानी जाती हैं।

मुख्य अतिथि प्रो (डॉ) अनुसूया अग्रवाल, डी लिट् प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद छत्तीसगढ़ ने कहा कि संस्कृति की दृष्टि से छत्तीसगढ़ का लोक बहुत ही समृद्ध है। 'धान का कटोरा' नाम से विख्यात छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है।

यहाँ की लोक संस्कृति जनजातीय समुदायों, पारंपरिक कलाओं, लोक संगीत, नृत्य और त्योहारों का एक अनूठा संगम है इसलिए भारत के सांस्कृतिक मानचित्र पर छत्तीसगढ़ का एक विशिष्ट स्थान है। सामान्यतः संस्कृति को सभ्यता का दूसरा रूप माना जाता है। सभ्यता व्याकरण की दृष्टि से सभ्य होने की अवस्था, गुण और भाव सूचक है। सभ्य शब्द ऐसे लोगों के लिए प्रयुक्त होता है जो सज्जन हो, समझदार हो। संस्कृति में किसी क्षेत्र या जाति की सभी प्रकार की मान्यताएं, रीति नीति और विश्वास आ जाते हैं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में लोक नृत्य और संगीत की गहरी छाप है। यहां पंडवानी, पंथी, सुवा, कर्मा, राउत नाचा जैसे लोकप्रिय लोक नृत्य गीत है। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला और शिल्प पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।

### गूंजे बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर अमर रहे, के नारे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में भारत रत्न, संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के पुण्यतिथि दिवस पर जिला युवा कांग्रेस द्वारा टॉवर चौक पर पुष्पांजली अर्पित की। युवा कांग्रेसियों ने बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर अमर रहे, के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। इस दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्पित यादव, दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज चावड़ा, उत्तर विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, जिला महासचिव संदीप पवार, सौरभ यादव, हिमांशु शुक्ला, योगेश दायमा, सहित युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारत रत्न, संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर जी की पुण्य तिथि शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि बाबा साहब ने अपने जीवन में राष्ट्र निर्माण में कई महत्त्वपूर्ण कार्य किए, उनके द्वारा किए गए कार्यों को देशवासी आज भी याद करते हैं, हम सदैव उनके ऋणी रहेंगे। संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, पूर्व सांसद सत्यनारायण पंवार, नेता प्रति पक्ष डॉ रवि राय, हेमंत गोमे, सतीश मरमट, हरिशंकर मरमट, वीरेंद्र गोसर, अभिषेक शर्मा, सुनील काछवाय, असलम लाला, देवव्रत यादव, रहीम लाला, छोटे लाल मंडलोई, श्याम जटिया पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुष्पक विमान और ब्रह्मास्त्र केवल कल्पना नहीं, अत्यधिक विकसित तकनीकी ज्ञान के प्रतीक थे -ओक

### ज्ञान सेतु में खगोलीय प्रमाणों से भारतीय सभ्यता की प्राचीनता को सिद्ध किया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारतीय इतिहास और ज्ञान परंपरा के एक महत्वपूर्ण आयोजन में, वाकणकर शोध संस्थान, उज्जैन एवं अवंतिका विश्वविद्यालय, लेकोड़ा के संयुक्त तत्वावधान में प्रख्यात इतिहासकार, खगोलशास्त्री एवं विचारक नीलेश ओक की द्वि-दिवसीय विशेष व्याख्यान माला ₹ज्ञान सेतु₹ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बौद्धिक महाकुंभ में शोधार्थियों, शिक्षाविदों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसने भारतीय इतिहास के प्रति एक नई वैज्ञानिक जिज्ञासा उत्पन्न की।

पहले दिन रामायण में प्रगत विज्ञान के रहस्य अंतर्गत वाकणकर शोध संस्थान, उज्जैन में ₹रामायणः महाकाव्य, धर्मग्रंथ या प्राचीन भारतीय विज्ञान का विश्वकोश?₹ विषय पर निलेश ओक ने अपने व्याख्यान में भारतीय महाकाव्यों में निहित उन्नत विज्ञान के प्रमाण प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने शोध से सिद्ध किया कि रामायण को केवल आस्था के दृष्टिकोण से देखना पर्याप्त नहीं है। श्री ओक ने तार्किक



कारणमीमांसा के साथ दशार्या कि कैसे पुष्पक विमान और ब्रह्मास्त्र जैसे उन्नत शस्त्रास्त्र केवल कल्पना नहीं, बल्कि अत्यधिक विकसित तकनीकी ज्ञान के प्रतीक थे। सुग्रीव के एटलस में वर्णित भूगोलीय और खगोलीय सटीकता, प्राचीन भारतीयों के भूगोल और खगोल विज्ञान पर अद्वितीय नियंत्रण को दशार्ती है। श्री ओक ने निष्कर्ष दिया कि प्राचीन भारत केवल आध्यात्मिकता का केंद्र नहीं, बल्कि उन्नत विज्ञान एवं तकनीक का भी ध्रुव था, जिसने उपस्थित श्रोताओं को भारतीय मेधा पर गर्व करने का नया आधार दिया।

दूसरे दिन खगोलीय साक्ष्यों से इतिहास का पुनर्लेखन अंतर्गत अवंतिका विश्वविद्यालय, लेकोड़ा में ₹कालक्रम के साक्ष्यः भारतीय सभ्यता की अविश्वसनीय प्राचीनता₹ विषय पर व्याख्यान में श्री ओक ने खगोलीय साक्ष्यों (एस्ट्रोनॉमिकल एविडेंस) और आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करते हुए भारतीय इतिहास की तिथि निर्धारण को चुनौती दी। श्री ओक ने ग्रह और नक्षत्रों की स्थिती, समुद्र विज्ञान, अनुवांशिकी विज्ञान के आधार पर यह सिद्ध किया कि भारतीय सभ्यता की जड़ें वर्तमान में मान्य तिथियों से कई सहस्त्राब्दियाँ अधिक गहरी हैं। उन्होंने सिंधु घाटी सभ्यता से भी प्राचीन भारतीय सभ्यता के अस्तित्व को सिद्ध करने वाले निर्णायक वैज्ञानिक प्रमाण प्रस्तुत किए।

यह व्याख्यान उन सभी शोधार्थियों के लिए एक नए दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त करता है जो भारतीय इतिहास को पारंपरिक औपनिवेशिक कालक्रम के

## खबर एक नजर...

### पुष्य नक्षत्र बच्चों को कराया जाएगा स्वर्ण प्राशन

**उज्जैन।** इस माह सर्दी के मौसम में अच्छे स्वास्थ्य के लिए पुष्य नक्षत्र 8 दिसंबर पर जीरो से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया जाएगा। साथ ही सभी बड़े बुजुर्गो को शरीर और मानसिक रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा बल के लिए स्वर्णकल्प पिलाया जाएगा।

डॉ हर्षवर्धन धाकड़ ने बताया स्वर्ण प्राशन और स्वर्ण कल्प बच्चों और बड़ों का रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत सुबह 11 से 3 तक ड्डॉ धाकड़ औषधालयह्व 13 गुरु नानक मार्केट फ्रीगंज उज्जैन पर रखा गया है जिसमें बच्चों की सर्दी खांसी बुखार की रोकथाम के लिए और बड़े बुजुर्गों के शरीर की रक्षा के लिए शुद्ध स्वर्ण से निर्मित स्वर्ण भस्म कि औषधियां सेवन कराई जाएगी। परंपरागत शास्त्रों के अनुसार पुष्य नक्षत्र काल में निर्मित स्वर्ण मिश्रित औषधीयां शरीर में ज्यादा गुण करती है और शरीर को स्वस्थ बनाएं रखने अहम भूमिका निभाती है। यह बड़े बुजुर्ग और राजा महाराजा को पुष्य नक्षत्र काल का विशेष ज्ञान था।

### देवनारायण मालवीय जिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक) अधिकारी-कर्मचारी संगठन एवं अपाक्स जिला उज्जैन के जिला अध्यक्ष नरेशकुमार आठिया की सहमति से देवनारायण मालवीय को जिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अनोखीलाल भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि नियुक्ति होने पर संगठन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा मालवीय का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नव-नियुक्त मालवीय ने वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का वे निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने और अधिकारी-कर्मचारियों के हित में सतत कार्य करेंगे।

## शहर में आवारा कुत्तों के आतंक से लोगों में दहशत

# डर की वजह से अभिभावक बच्चों को खुद स्कूल व बस स्टॉप तक छोड़ने-लेने के लिए जा रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर में आवारा कुत्तों के झुंड से लोग परेशान हैं। गलियों, बाजारों, बस अड्डे पर आवारा कुत्ते लोगों को काटने के लिए दौड़ते हैं और कई बार दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार भी हो चुके हैं। आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है।

स्कूल पैदल आने-जाने वाले बच्चों के पीछे दौड़ते हैं। इससे अभिभावक बच्चों को खुद स्कूल छोड़ने ले जाने के लिए जा रहे हैं। कॉलोनियों में आवारा कुत्तों का इस कदर आतंक छाया हुआ है कि लोग अपने बच्चों को आसपास की दुकान पर सामान खरीदने के लिए अकेला पहुंचाने में भी डरते हैं शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। कुत्ते लगातार मासूम और बुजुर्गों को शिकार बना रहे हैं।

नानाखेड़ा क्षेत्र में रहने वाली रेखा पाटीदार ने बताया कि आवारा कुत्तों की संख्या क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है कई बार पैदल या वहां से जाते समय कुत्ते काटने के लिए दौड़ते हैं ऐसे में बच्चों को खुद बस स्टॉप व स्कूल छोड़ने के लिए जा रहे हैं इस डर की वजह से बच्चों को घर से बाहर जरा भी अकेला नहीं छोड़ रहे हैं। इस क्षेत्र में रहने वाली सरिता वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में कुत्तों का आतंक किस कदर है कि 1 महीने में एक ही कुत्ते ने आधा दर्जन लोगों को काटकर जख्मी कर दिया था हालांकि बाद में उसे कुत्ते को नगर निगम की गैंग पकड़ कर ले गई थी लेकिन एक महीने बाद वापस छोड़ दिया अब फिर से वही कुत्ता लोगों को काटकर नुकसान पहुंचा रहा है।

### बढ़ते जा रहे कुत्तों के झुंड

शहर में हजार से ज्यादा कुत्ते सक्रिय हैं. नगर निगम कुत्तों को पकड़ने में सफल नहीं हो पा रहा है. ऐसे में लगातार इनकी संख्या बढ़ती ही जा रही है. आलम यह है कि शहर के लगभग हर मोहल्ले में कुत्तों के बड़े-बड़े झुंड हैं, जो खासतौर पर रात के समय में आतंक मचाते हैं और लोगों को दौड़ाने के साथ काटते हैं. शहर क्षेत्र में हर दिन कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं, जिनका इलाज चरक अस्पताल में किया जाता है।

## अखिल भारतीय खटीक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिलजी फिरोजिया का किया अभिनंदन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन अखिल भारतीय खटीक समाज द्वारा समाज के लोकप्रिय सांसद (उज्जैन-आलोट) अनिल जी फिरोजिया को अखिल भारतीय खटीक समाज का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर, समाज में उत्साह और हर्ष का माहौल है। रवि सुयल एवं राहुल सोलंकी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के बाद अनिलजी फिरोजिया के उज्जैन आगमन पर समाजजनों ने आतिशबाजी कर और पुष्प माला ढोल नगाड़ों से उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिलजी फिरोजिया ने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज के पिछड़े हुए वर्गों को एकजुट कर समाज को मजबूती प्रदान करना उनका प्रमुख लक्ष्य रहेगा। खटीक समाज के पूर्वजों ने कठिन संघर्ष और गरीबी के बावजूद समाज को एकजुट कर मजबूत नींव स्थापित की है। उनके दिए हुए मार्गदर्शन और प्रेरणादायक संदेशों को आगे बढ़ाते हुए समाज सेवा व विकास की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। समाज के युवा रवि सुयल ने कहा कि समाज को ऐसे समाजसेवी एवं जननेता के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलना सौभाग्य की बात है।

# आशीष गलगले मध्यप्रदेश के 54 जिलों का भ्रमण करने साइकिल से निकले

समाज को जागरूक करने के लिए कर रहे 5800 किलोमीटर लंबी यात्रा, उज्जैन पहुंचने पर किया स्वागत



उज्जैन। मध्यप्रदेश में समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से आशीष गलगले साइकिल यात्रा निकालकर प्रदेश के 54 जिलों का भ्रमण कर रहे हैं। यह यात्रा कुल 5800 किलोमीटर लंबी है और रेवा शक्ति अभियान के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कुपोषण से मुक्ति, नशा मुक्त समाज, पर्यावरण संरक्षण, साइकिल चलाएं प्रदूषण भगाएं जैसे महत्वपूर्ण संदेश लेकर चल रही है।

अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह की अभिप्रेरणा से प्रारंभ हुआ यह अभियान प्रदेश में व्यापक जागरूकता फैलाने में सहायक बन रहा है। इसी क्रम में रविवार को आशीष गलगले उज्जैन शहर पहुंचे, जहां सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह सेंगर, संस्था के सचिव विवेक मेश्राम, मयंक तिवारी, अमित परमार, तुषार पिल्लैवार एवं प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय खिलाड़ियों ने उनका हृदयपूर्वक स्वागत किया। उज्जैन में स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने आशीष गलगले के प्रयासों को सराहा और उनके जागरूकता अभियान के लिए उन्हें हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दीं। यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# उज्जैन में बनेगा अद्भुत जैन जहाज मंदिर, भूमिपूजन खाद मुहुर्त हुआ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रवचन प्रभावक जैनाचार्य श्री सागरचंद्रसागर सूरिजी की पावन निश्रा में भूखी माता मंदिर रोड़ पर गुरूद्वारे के पास एक अद्भुत जहाज मंदिर निर्माण के संकल्प के साथ भूमिपूजन किया गया। आ. गुरुदेव अशोक सागर सूरिश्वरजी के आशीर्वाद से श्री शक्रस्तव पद्मावती शक्ति पीठ के तत्वावधान में रविवार 7 दिसंबर को सुबह 7 बजे नवग्रह पूजन, क्षेत्रपाल पूजन आदि विधि विधान पूर्वक शुभमुहूर्त में जैनमंदिर का खाद मुहूर्त हुआ। प्रसन्न लोढ़ाके सुप्रयत्नसे एवं उज्जैन के अनेक संघों के सहयोग एवं उज्जैन के माणिभद्र तीर्थधाम भेरुगढ़, सहित अनेक संघों का इसमें साथ सहयोग रहा।

ट्रस्ट के मीडिया प्रमुख विकास कोठारी और प्रदीप दख ने बताया कि सूरत आगमोध्दारक धानेरा भवन से ट्रस्टीगण राजू भाई आदि वेसु जैनसंघ व नूतन मंदिर के प्रतिष्ठा मुहूर्त हेतु पधारे थे। रतलाम से सुराणा परिवार, महिदपुर, नागदा, सूरत, नवसारी आदि अनेक शहर से अतिथिगण आये। इस प्रसंग परसा. पुण्यशा श्रीजी मसा भी पधारे। पूरा मंदिर दूर से एक विशाल जहाज जैसा भव्य दिखेगा एवं उसमें शिल्प विधिनानुसार प्रभुजी विराजमान होंगे।

उज्जैन एक ऐतिहासिक नगरी है। यहां क्षिप्रा नदी के पावन तट पर अनेक मंदिर तीर्थधाम है। इतिहास अनुसार जहां कर्क रेखा का मध्यबिंदु है, जहां से क्षिप्रा दो प्रवाह में विभक्त होती है और वो भी दक्षिण से उत्तर की तरफ प्रवाहित होती है वो भूमि शुकेंद्र द्वारा सिध्दसेनजी को शक्रस्तव स्तोत्र की अर्पण भूमि एवं माता पद्मावती की वरदान भूमि है।

## उज्जैन के कमलेश चांगल बेस्ट पोजर....

# खाचरोद के शोएब को मिस्टर आयरन मेन का खिताब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह कुशवाह स्मृति में आयोजित राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के तत्वावधान में उज्जैन जिला शरीर सौष्ठव संस्था एवं आयरन जिम द्वारा 36वीं जिला स्तरीय जूनियर, सीनियर, मेन फिजिक बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन पॉलिटेक्निक कॉलेज के स्टेडियम में किया गया।

मध्य रात्रि तक चले मुकाबले में सीनियर वर्ग में खाचरोद के बॉडीबिल्डर शोएब अंसारी शरीर की मांसपेशियों के मुकाबले में अव्वल रहे एवं मिस्टर आयरन मेन के खिताब पर कब्जा जमाने में सफल रहे। चैंपियनशिप ट्रॉफी 22 हजार नगद प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उज्जैन के बॉडीबिल्डर कमलेश चांगल बेस्ट पोजर के खिताब से नवाजे गए। उज्जैन के लोकेंद्र चुटेल मोस्ट मस्कुलर मेन एवं हैदर अली बेस्ट इंप्रूवड बॉडी के खिताब के अधिकारी बने। स्पर्धा का शुभारंभ बजरंगबली के चित्र पर पूजन अर्चन कर इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन के संयुक्त सचिव अतिन तिवारी, इंटरनेशनल रेफरी रोहित जेठवा, इंजीनियर पंडित दीपक गुरु, मनोज गोस्वामी, इंजी. गजेंद्र मेहता, संदीप सिंह कुशवाह ने किया। हजारों खेल प्रेमियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय भावनाओं से युक्त संगीत की धुन पर थिरकते हुए शरीर साधना के पुजारी ने शानदार खेल की दावत प्रदान की। खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एकता, स्वच्छता, स्वस्थ भारत का संदेश प्रदान किया। पुरस्कार वितरण समारोह की अतिथि प्रेस क्लब के अध्यक्ष नंदलाल यादव, विशाल सिंह हाडा, अशोक यादव, उमेश पहलवान, कृष्णा यादव, घनश्याम शर्मा, मध्य प्रदेश टेंट संगठन के अध्यक्ष समीर उल हक, अमित सचदेवा, एसडीएफ के हिमांशु जोशी, जयंत गिरी, गोपाल यादव ने किया। स्पर्धा का प्रभावी संचालन शैलेंद्र व्यास, स्वामी मुस्कुराने किया। आभार प्रदर्शन पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज एवं राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह कुशवाह ने व्यक्त किया। चैंपियनशिप के निर्णायक अमित कनौजिया, देवेंद्र सिंह कुशवाह, विकास वर्मा, रवि मालवीय, अनिल चावंडे थे। मार्शल की भूमिका संतोष डागरा, फईम उस्मानी थे। तकनीकी टीम में आकाश परिहार, सुजल बामने ने भूमिका निर्वहन की। चैंपियनशिप में विभिन्न वजन विभागों में 1 लाख 30 हजार रुपए के केश प्राइज वितरित किए गए। स्पर्धा के परिणाम निम्नानुसार रहे..55 किलोग्राम वर्ग में कुणाल गोसर (प्रथम) ,मनोज कपासिया ( द्वितीय) धीरज राठौर ( तृतीय)... 60 किलो.. आजम खान (प्रथम), इब्राहिम खान ,( द्वितीय) ..निखिलेश सेन ( तृतीय)... 65 किलो.. हैदर अली ( प्रथम),ऋतिक पाडडे,( द्वितीय) ,उनेद खान (तृतीय)...70 किलो...समीर अंसारी ( प्रथम), लखन सिंह हारोड,( द्वितीय) ,मंगलेश कारपेंटर, (तृतीय)... 75 किलो... शोएब मोहम्मद ( प्रथम),शाहरुख शाह(द्वितीय) अमन मंसूरी , ( तृतीय)... 80 किलो... फतेह अली ( प्रथम), नरेंद्र आचार्य( द्वितीय) अयान खान ( तृतीय)...

## 47वा गीता जयंती महोत्सव संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

गीता भवन न्यास समिति द्वारा शुक्रवार को 47वा गीता जयंती महोत्स० मनाया गया। सर्व प्रथम अतिथि मनोज संगतानी विधांजलि स्कूल, ए. इन्द्रजीत उपाध्याय, जीतेन्द्र शर्मा, मधु लालावत द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपाध्यय ने कहा कि श्रीमद् भगवत गीता दैनिक जीवन में जीने की कला हमें प्रदान करती है। गीता को दिनचर्या बनाये अपने जीवन में अपनाये।

## खबर एक नजर...

### गहलोत अजाक्स उज्जैन के नए जिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी, कर्मचारी संघ एवं अजाक्स के प्रांतीयअध्यक्ष संतोष वर्मा साहब के आदेश एवं जिला अध्यक्ष डॉ. आर. एल. परमार की सहमति से दरियावसिंह गहलोत को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी डी.एल. भीलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि नियुक्ति होने पर संगठन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा गहलोत का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नव-नियुक्त गहलोत ने प्रांतीयअध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का वे निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने और अधिकारी-कर्मचारियों के हित में सतत कार्य करेंगे। इस मौके पर अज्जाक्स के संस्थापक पूर्व जिला अध्यक्ष अनोखीलालजी भारती, पूर्व संभागीय अध्यक्ष दीपचंद जाटव, संभागीय अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी, ब्लाक अध्यक्ष बी एल एयरवाल, कमल बालोनिया, संभाग सचिव एंर गुजराती, करन परमार, राजकुमार दुबे, भूरेखान पठान, बलाई समाज की डायरेक्टर डॉ तेजकुमार मालवीय आदि लोग उपस्थित थे।

# अतिक्रमण कार्रवाई को लेकर सांसद ने नगर पालिका और अधिकारियों से मांगे जवाब

## पूछा ठेला व्यवसायियों व निम्न वर्ग व्यापारियों को स्थापित करने की क्या योजना है?

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ मंदसौर

शहर मंदसौर में मॉडल रोड़ बनाने को लेकर प्रशासन व नगर पालिका अमला 4 दिन से सक्रिय है। बीपीएल चौराहा से लेकर मण्डीगेट तक का अतिक्रमण हटाया जा रहा है। ठेले व गुमठियां हटाई गई वही दुकानों के सीमा से बाहर किये गये अतिक्रमण पर भी जेसीबी चलाई गई है। इधर सांसद सुधीर गुप्ता ने कार्रवाई पर नगरपालिका और अधिकारियों से कहा कि अतिक्रमण से पहले पटरी पर बैठने वाले ठेला व्यवसाय और निम्न वर्ग के व्यापारियों के लिए प्रशासन ने क्या प्लान सोचा और उन्हें कहां स्थापित किया जाए इस बारे में जानकारी चाहिए।

सांसद ने सीएमओ को लिखे पत्र में कहा कि इतने मध्यम वर्गीय व्यापारियों को हटाने से पहले क्या नगर पालिका ने इन्हें कहीं विस्थापित करने की कार्य योजना बनाई है साथ ही उन्होंने बिंदुवार १४ सुझाव और जवाब नगर पालिका सीएमओ से चाहे हैं। सांसद सुधीर गुप्ता ने अधिकारियों को व्यापारियों से संवाद में भी मयार्दाओं का ध्यान रखने की बात कही।

सांसद गुप्ता ने कहा कि हमारा शहर मध्यम श्रेणी व गरीबी से जीवन जीने वालों की बहुतायत वाला शहर है. यहाँ अमीरों की संख्या सीमित है। देश लम्बे समय से स्ट्रीट वेंडरों का सम्मान रख रहा है व स्ट्रीट वेंडरों हेतु सहायता उपलब्ध करा रहा है। जो स्ट्रीट वेण्डर नगर पालिका रिकॉर्ड में रजिस्टर्ड हैं व नियमित न.पा. द्वारा निर्धारित करों को चुकाकर व्यवसाय की अनुमति प्राप्त करते हैं, उनके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था जुटाई गई है क्या? फूड जोन का स्थान निर्धारित करते वक्त शहर ने ऐसे स्थान का चयन, किया था जहां (56 दुकान इन्दौर) की तर्ज पर परिवार अपने बच्चों के साथ बैठकर नाश्ता वगैरह कर सके। इसी प्रचार के कारण फूड जोन की दुकानें भारी दामों पर व्यवसायियों ने नं.पा. से क्रय की थी, आज उन पर प्रश्न चिन्ह है।

सदर बाजार जैसे स्थान 100-200 वर्ष पुराने बने हैं जहां बरसात व धूप से बचने हेतु दुकानदार को त्रिपाल भी लगाने होते हैं। क्या यह सक्षम अधिकारियों के ध्यान में रहा क्या? दुकानदार अपनी दुकान पर आने-जाने हेतु एक छोटी पत्थर की रपट बनाता है ताकि वृद्ध, बच्चे व महिलाएं दुकान पर आसानी से चढ़ सकें। अधिकतर यह अतिक्रमण श्रेणी में आता है, इसका कोई विकल्प दुकानदारों को सुझाया गया है क्या? व्यावसायिक स्थलों के बाहर सामान्यतः नाली बनी रहती है। सड़क से दुकान के बीच नाली में कई लोग लगातार गिरते हैं। स्थानीय प्रशासन इसकी कोई योजना नहीं बना पाता है। इस कारण दुकानदार नाली की सफाई का स्थान छोड़कर दुकान के बाहर पट्टी का निर्माण करता है। क्या कोई व्यवस्था व्यावसायिक स्थलों हेतु सुधारी गई है क्या? अस्पताल के बाहर फल-फ्रूट, नारियल पानी, सस्ता भोजन उपलब्ध रहे, ऐसे विकल्प तलाशे हैं क्या? फूल विक्रेता व मंदिरों का नाता रिश्ता है। बर्थडे, सम्मान समारोह हेतु फूलों की मांग लगी रहती है। ये शहर के भिन्न-भिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं देते हैं। इन्हें.. हटाकर कहां बिठाना है,

इस पर विचार हुआ ही होगा। यातायात का सुचारू संचालन एक चुनौती है। इस हेतु हमें अनुशासित शहरों को बनाना होगा। नई अनुमतियां, नए निर्माण, नई योजना बनाते समय इन सभी विकल्पों पर ध्यान देने और ट्रेनिंग देने, कठोर कानूनों का पालन कराने हेतु सख्त व्यवहार आवश्यक है। मगर पुरानी बनी हुई सड़कें कैसे श्पूर्ण चौड़ाई की होंगी, यह एक यक्ष प्रश्न है जिसका उत्तर खोजना चाहिये।

उन्होने कहा कि पार्किंग स्थलों का विकास या चयन करना आज बाजारों के नागरिकों, प्रशासन एवं जन प्रतिनिधियों की पहली जवाबदेही है। जब तक हम शहरवासियों को सुव्यवस्थित पार्किंग उपलब्ध नहीं करा देते, तब तक उनसे यह अपेक्षा करना कि वे सड़क के पास वाहन न खड़े करें, अव्यावहारिक है। अतः अतिक्रमण हटाने से पूर्व आपने पार्किंग की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की ही होगी।

### बच्चे खेलों को संस्कार के रूप में ले और नई ऊर्जा संचारित करें

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ रतलाम

क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन द्वारा रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित 25 वें खेल चेतना मेला का पुरस्कार वितरण एवं धन्यवाद समारोह फाउण्डेशन अध्यक्ष, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एवं एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें शहर के विभिन्न स्कूलों की विजेता टीम एवं खिलाडि?ों को पुरस्कृत किया गया। विभिन्न खेल स्पधाओं में सर्वश्रेष्ठ स्कूल का पुरस्कार श्री गुरू तेग बहादुर एकेडमी को मिला। समारोह के विशेष अतिथि भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष डॉ. गोपाल मजावदिया एवं खेल चेतना मेला आयोजन समिति सचिव मुकेश जैन मंचा सीन रहे।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि यह पुरस्कार वितरण समारोह के साथ उन सभी साथियों के अभिवादन का समारोह भी है जो इस मेले को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। बच्चे खेलों को संस्कार के रूप में ले और यह पुरस्कार उनमें प्रेरणा का, एक नई ऊर्जा का कारण बने। उन्होने कहा कि खेल चेतना मेला के माध्यम से हर स्कूल में खेल के कोच की भूमिका तय हुई है और हर स्कूल प्रतिस्पर्धा में आया है। बच्चों को खेल के प्रति आकर्षित करने एवं मैदान पर लाने के उद्देश्य से वर्ष 1999 में खेल चेतना मेला प्रारंभ किया गया था। रतलाम के बाद मंदसौर, नीमच सहित 1-17 स्थानों तक इसका विस्तार हुआ, जिससे इसमें 60 हजार से अधिक बच्चों की भागीदारी रही है।

श्री काश्यप ने कहा कि सौभाग्य से खेल चेतना मेला में वर्ष 2008 के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरकार्यवाह श्री भैयाजी जोशी नीमच के उद्घाटन समारोह में आए थे और उसके बाद उनके द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर क्रीड़ा भारती की स्थापना अगले ही वर्ष 2009 में की गई, जिसमें वे सदस्य रहे और वर्तमान में राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष है।

# अजाक्स ने डॉ. आंबेडकर की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया

### बाबा साहब के संदेश को घर-घर पहुंचने का लिया संकल्प

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन



कोठी पैलेस स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा जिला अध्यक्ष डॉ आर एल परमार के नेतृत्व में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब को नमन किया और उनके दिए गए समानता, न्याय व बंधुत्व के संदेश को स्मरण किया। मीडिया प्रभारी डी एल भीलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत के नागरिक स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि बाबा साहब ने देश को ऐसा संविधान दिया, जिसने सभी को मौलिक अधिकारों की गारंटी प्रदान की।इस दौरान अजाक्स के लोगों ने ह्यबाबा साहब अमर रहेंह्न के नारों से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहां की 6 दिसंबर 1956 को डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर का दिल्ली में नींद में ही निधन हुआ था। यह दिवस प्रतिवर्ष देशभर में महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है।महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आज संगठन ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए उनके द्वारा दिए गए संविधान, समानता और सामाजिक न्याय के संदेश को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया है। वर्तमान समय में बाबा साहब के विचारों और उनके मार्गदर्शन को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। सभी को संविधान के मूल अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना हमारा नैतिक दायित्व है, क्योंकि आज जो भी अधिकार, सम्मान और अवसर हमें प्राप्त हैं, वे बाबा साहब की दूरदृष्टि और संघर्ष की ही देन हैं।बाबा साहब का सपना एक समतामूलक और शिक्षित समाज का निर्माण था, जिसे साकार करने के लिए हम सबको मिलकर आगे बढ़ना होगा। इस मौके पर प्रांतीय सचिव महेश विरोलिया, संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी, जिला कायार्वाहक अध्यक्ष दरियावसिंह गहलोत, पूर्व संभागीय सचिव रमेशचंद्र सूर्यवंशी, बी एल सिंदल अविनाश गुजराती, राजेश सूर्यवंशी, प्रमोद मालवीय, कबीरपंथी, रणजीत सिंह, गिरधर मालवीय, किशोरीलाल सूर्यवंशी, मोहनलाल चौहान, सुरेश कुमार, जीनवाल, बाबूलाल एरवाल, आनंदीलाल सिसोदिया, स्वयं परमार, हेमंत कवाड़िया, प्रहलाद मालवीय, व्ही एल राठौर, राहुल सोनगरा, मानसिंह परमार, अशोककुमार मालवीय, राम सिंह परमार, गिरिराज भील्ला, भीमसिंह मसानिया, डॉ गणेश राठौड़, डॉ मोहन निमोले, अजय बौद्ध, अरुण वाघेला, भवरलाल चौहान, डॉ श्वेतावर्मा, धर्मदास गोयल आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# गीता जयंती के समापन पर ऊनी स्वेटरों का वितरण

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ बड़नगर



अखिल भारतीय स्तर पर मनाए जा रहे गीता जयंती महोत्सव के चलते गीता भवन न्यास समिति के तत्वाधान में भी प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गीता जयंती सप्ताह के कार्यक्रमों की कड़ी में 6 दिसंबर शनिवार को लगभग 3000 की संख्या में शासकीय विद्यालयों के बच्चों को ऊनी स्वेटर वितरण कर गीता जयंती समारोह का समापन किया गया?। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में गीता ज्ञान को आत्म कल्याण के साथ परमार्थ की भावनाओं को पूर्ण करने वाली गारंटी बताया। उन्होंने गीता भवन अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी को कर्मप्रिय निरूपित किया। आयोजन की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या ने की। विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष अनीता सतीश वर्मा और नगर भाजपा अध्यक्ष अमित राठौड़ मंचासीन थे ।समारोह का शुभारंभ अतिथिगण के द्वारा महाकाव्य भगवद् गीता के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। अतिथि देवो भवः की परंपरा का निर्वाह न्यास अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी, सुरेशचंद्र व्यास ऊंटवास, हरगोविंद मेलवाणी, अनीता काला, रमेशचंद्र राठौड़ , सुभाष गुप्ते , राजेंद्र कौशल आदि ने किया। अतिथि परिचय और आयोजन की विस्तृत जानकारी संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी ने दी। समारोह में उपस्थित बड़नगर तहसील के 30 से भी अधिक शासकीय प्राथमिक- माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के उपस्थित शाला प्रमुखों और बड़नगर शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की 100 से अधिक छात्राओं को मंचासीन अतिथियों के कर कमलों से लगभग 3000 ऊनी स्वेटरों का वितरण किया गया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिपलियामंडी में प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ पिपलियामंडी




नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज विद्यालय को संचालित करने वाली प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक श्री राघवेंद्र देराश्री ( विभाग समन्वयक, मंदसौर विभाग) एवं श्रीमती बंटू भूत (अध्यक्ष राष्ट्रीय आदर्श शिक्षण समिति) के मार्गदर्शन में आयोजित हुई! बैठक में निम्नलिखित विषयों पर ठहराव प्रस्ताव हुआ। गत बैठक की कार्यवाही का वाचन सह सचिव महोदय श्री अर्पित जी लक्ष्यकार द्वारा किया गया ।

सभी समिति महानुभावों द्वारा सवार्नुमति से अनुमोदन किया गया। विद्यालय का अर्धवार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्राचार्य श्री प्रकाश धाकड़ द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया , जिसमें माह नवंबर तक आय व्यय, प्रांत सहयोग राशि, विविध कार्यक्रम,प्रावीण्यता के प्रयास, समिति के साथ समीक्षा आदि विषयों को प्रस्तुत किया गया। प्रांतीय योजना से आगामी विद्यालय अवलोकन की चर्चा की गई साथ ही आगामी विद्यालय वार्षिक उत्सव, 23 जनवरी पथ संचलन एवं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की योजना बनाई गई। बैठक में विभाग समन्वयक एवं अध्यक्ष महोदय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## खबर एक नज़र...

### इंडिया स्टार इंडिपेंडेंट अवार्ड से विशाल दामके को किया सम्मानित

**मनावर।** सांदीपनि विद्यालय मे सांसद खेल महोत्सव के कार्यक्रम मे केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती सावत्री ठाकुर द्वारा कराते अंतराष्ट्रीय खिलाडी डॉ विशाल दामके को किया सम्मानित कार्यक्रम मे उपस्थित भाजपा प्रदेश मंत्री श्री जयदीप पटेल, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री चंचल पाटीदार नगरपालिका अध्यक्ष श्री अजय पाटीदार तहसीलदार श्री विजय तलवारे, सीईओ श्रीमती अंकिता अलावा, बीईओ एम एल ठाकुर प्राचार्य श्री सोहन शिंदे व अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन फूल सिंह नर्गेश विशाल दामके द्वारा कई खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमे खिलाड़ियों ने खेल प्रतियोगिता मे राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम गौरवन्वित किया खेल जगत के साथ 2 समाजिक क्षेत्र मे भी उत्कृष्ट कार्य किये है उन्होंने हजारों बालिकाओ को आत्मरक्षा प्रशिक्षण व गुड टच -बेड टच व , नशा मुक्त भारत अभियान के कार्यक्रम किये साथ साइबर उपराधों से सुरक्षा की जानकारी दी मे हु अभिमन्यु अभियान किये प्रदेश के कई जिलों मे रक्तदान शिविर लगवाये रोटी बैंक, गौशाला, अनाथ व वृद्धाआश्रम, मे समय समय पर सहयोग किया जाता है।

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया

**खरगोन।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन रविवार, 7 दिसंबर को कलेक्टर सभागार में किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर शकुंतला सोलंकी डावर सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत राज्यपाल महोदय एवं मुख्यमंत्री के संदेश के वाचन से हुई। इसके बाद अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का बैज लगाया और सेना के प्रति सम्मान व्यक्त किया। संयुक्त कलेक्टर शकुन्तला सोलंकी ने सभी को झंडा दिवस की शुभकामनाएँ दीं और उपस्थित पूर्व सैनिकों व सैनिक परिवारों से उनके हाल-चाल पूछे। इस अवसर पर जिला संयोजक (खरगोनझबड़वानी) कैप्टन सुरेश सिंह चौहान, पूर्व सैनिक समिति अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, वीर नारी संतोषी बघेल सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और सैनिक परिवार मौजूद रहे।

### सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने पेश की मानवता की मिसाल

**बुरहानपुर।** जिला चिकित्सालय में एक मरीज की जान बचाने के लिए खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने मानवता की मिसाल पेश की। उन्होंने रक्तदान कर मरीज की जान बचाई। मरीज दीपाली किरण आखरे को ब्लड की आवश्यकता होने की जानकारी लगते ही सांसद ज्ञानेश्वर पाटील अस्पताल पहुंचे और रक्तदान किया। मरीज के परिजनों ने सांसद का आभार जताया और कहा कि उनका यह ऋण उनके परिवार पर सदैव रहेगा। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा, रमुझे जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी लगी, तो मैं स्वेच्छा से अस्पताल में ब्लड देने आया। रक्तदान करने का मतलब किसी की सहायता करना है। हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए।

### सामग्री क्रय में अनियमितताओं की जांच हेतु जांच दल गठित

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिला शिक्षा केन्द्र बड़वानी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 (1 अप्रैल 2024 से वर्तमान तक) की अवधि में की गई सामग्री क्रय में कथित अनियमितताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से एक जांच दल का गठन कर दिया है।जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु दो वरिष्ठ अधिकारियों को इस दल में शामिल किया गया है। श्री के.के. मालवीय (अपर कलेक्टर, जिला बड़वानी) श्री जे.सी. वर्मा (जिला कोषालय अधिकारी, जिला बड़वानी) गठित दल को निर्देश दिए गए हैं कि वह शिक्षा केन्द्र बड़वानी द्वारा 1 अप्रैल 2024 से लेकर वर्तमान तक सभी सामग्रियों के क्रय का विस्तृत परीक्षण करेंगे और 15 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत करेंगे।

# जोबट में विकास की नई दिशा: 30 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाओं का भूमि पूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अलीराजपुर



जोबट विधानसभा क्षेत्र में आज विकास की नई पहल के तहत ३० करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली ७ सड़क निर्माण परियोजनाओं का भूमिपूजन विधिवत सम्पन्न किया गया। यह भूमि पूजन समारोह जोबट विधानसभा विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह परियोजनाएँ विधायक सेना महेश पटेल द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत और स्वीकृत प्रस्ताव के अंतर्गत स्वीकृत की गई थीं। विधायक ने सदन में विशेष रूप से ग्रामीण संपर्क मार्गों और मुख्य सड़क सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया था।

भूमिपूजन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान और जोबट विधायक सेना महेश पटेल उपस्थित रहे। नेताओं ने संयुक्त रूप से पूजन कर कार्यों का औपचारिक शुभारंभ किया। स्थानीय जनता और ग्रामीण प्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए विकास का बड़ा अवसर बताया।

विधायक सेना महेश पटेल ने कहा कि इन परियोजनाओं से ग्रामीण आवागमन सुगम, कृषि उत्पादों की बाजार तक आसान पहुँच, छात्रों और मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएँ, और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह सड़क नेटवर्क क्षेत्र में व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने में सहायक होगा।

स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य (कुल ७परियोजनाएँ) 1.बोरकुंडिया मेन रोड से तालाब फलिया तक 2.छोटीपोल मेन रोड से ग्राम छोटा भावटा तक 3. काकड़बाड़ी मेन रोड से सिंगाडिया एवं बामनिया फलिया तक 4. बरझर हायर सेकेंडरी स्कूल से मोरी फलिया तक 5. बरझर बनेश्वर महादेव से महेन्द्रा मेन रोड तक 6. बड़गांव पंचायत भवन से बारिया फलिया तक 7 रिंगोल मालमसूरी से खंडीवाव फलिया होते हुए भंडारी फलिया तक विकास के संभावित लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और संपर्क मार्ग सुदृढ़ होंगे किसानों और व्यापारियों को बाजार तक आसान पहुँच मिलेग छात्रों और मरीजों के लिए बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगा स्थानीय आर्थिक गतिविधियाँ और रोजगार अवसर बढ़ेंगे जोबट क्षेत्र में सामूहिक विकास और समग्र प्रगति को नई दिशा मिलेगी

### जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया

जिला आलीराजपुर में 6 दिसंबर को जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। खेल परिसर में हुए इस महोत्सव में महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल और रस्साकशी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से की गई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान, सांसद श्रीमती अनीता नागरसिंह चौहान, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह, श्री संतोष परवाल, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अधिकारी सुश्री एस. निनामा तथा श्री मोंटू शाह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान द्वारा सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया और उन्हें भविष्य में खेलो में इसी प्रकार लगन और मेहनत से आगे बढ़ने को कहा साथ ही उन्होंने स्वयं भी रस्साकसी खेल को खेला गया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सभी खिलाड़ियों के पास जाकर हाथ मिलाया और संवाद कर उन्हें ऐसे ही खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरणा दी।

सांसद खेल महोत्सव की प्रतियोगिताओं में जिलेभर से आए खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# खरगोन-खंडवा नई ब्रॉडगेज रेल लाइन सर्वे कार्य प्रगति पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन/बड़वानी



संसद के शून्यकाल के दौरान लोकसभा सांसद श्री गजेन्द्रसिंह पटेल ने वर्ष 2024-25 की सर्वे सूची में अलीराजपुर बड़वानी खरगोन खंडवा नई ब्रॉडगेज लाइन को अंतिम स्थान सर्वेक्षण (स्नरुर) हेतु शामिल किए जाने पर क्षेत्र की जनता की ओर से देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

सांसद श्री पटेल ने बताया कि अंतिम सर्वेक्षण के लिए स्वीकृत 6.25 करोड़ की राशि से परियोजना का ड्रोन मैपिंग कार्य प्रगति पर है। यह महत्वपूर्ण रेल लाइन पूर्वी एवं पश्चिमी निमाड़ के पाँच जिलों को जोड़ते हुए क्षेत्रीय विकास, आर्थिक गतिविधियों और यातायात सुविधा में नई गति प्रदान करेगी।

उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्र, नर्मदा नदी का विस्तृत कटाव क्षेत्र और उपजाऊ कृषि भूमि जैसे भू-भौतिकीय कारकों के कारण सर्वे प्रक्रिया चुनौतिपूर्ण है। ऐसे में रेल मंत्रालय राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर इंजीनियरिंग डिजाइन को शीघ्र अंतिम रूप देने तथा भूमि अधिग्रहण हेतु धारा 20 की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का आग्रह किया गया है। सांसद पटेल ने माननीय रेल मंत्री से इस परियोजना को मिशन मोड में आगे बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि यह रेल लाइन क्षेत्र की कनेक्टिविटी, व्यापार, पर्यटन और सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी।

### सांसद खेल महोत्सव में बैडमिंटन और चेस प्रतियोगिता संपन्न

**खंडवा।** पूरे संसदीय क्षेत्र में इन दीनों शहर गांव एवं नगर में स्कूलों और मैदानो में सांसद खेल महोत्सव के 10 प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी के द्वारा खेल गतिविधियों को और आगे बढ़ाने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन पूरे देश की लोकसभा क्षेत्रो में किया जा रहा है। समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खेल महोत्सव को लेकर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं उनकी टीम द्वारा पूरे संसदीय क्षेत्र में खेलों में रुचि रखने वाले लगभग 2 लाख खिलाड़ियों का पंजीयन किया गया है।

# होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी



होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस का भव्य आयोजन शनिवार को कसरावद रोड नवलपुरा स्थित कार्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़वानी विधायक श्री राजन मण्डलोई, जिला पँचायत अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह पटेल, संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश रहे, जिन्हें परेड द्वारा सलामी देकर सम्मानित किया गया एवं आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा श्री अमित शाह गृह मंत्री भारत सरकार के संदेशों का वाचन किया गया ।

कार्यक्रम में होमगार्ड के जवानों द्वारा आपदा प्रबंधन पर आधारित प्रदर्शनी का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिसमें बाढ़ राहत, अग्नि शमन, एवं खोज और बचाव के साहसिक कार्यों को प्रदर्शित किया गया। इन प्रदर्शनों ने आपदा के समय होमगार्ड के जवानों की तत्परता और उनके उच्च कोटि के प्रशिक्षण को दर्शाया।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में होमगार्ड के जवानों की निस्वार्थ सेवा और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि होमगार्ड बल न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करता है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं और आपात स्थितियों में भी नागरिकों के लिए एक जीवन रेखा का काम करता है।

कार्यक्रम के दौरान जवानों के बालक/ बालिकाओं के द्वारा परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के फलस्वरूप मुख्यालय द्वारा प्रदत्त प्रोत्साहन राशि का चौक मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि के द्वारा प्रदान किया गया एवं वर्ष के दौरान बाढ आपदा राहत बचाव एवं सौपे गये कार्यों को सफलतापूर्वक सम्पादित करने के फलस्वरूप एसडीईआरएफ जवानों को प्रशंसा पत्र से भी पुरूस्कृत किया गया। कार्यकम के समापन पर मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि द्वारा एसडीईआरएफ की प्रदर्शनी का अवलोकन कर उपकरणों की जानकारी ली गई।ए.एस.आई श्यमश्री प्रदीप सोलंकी द्वारा अभार प्रदर्शन करते हुए आयोजन की सम्पाति की गई। सांस्कृतिक कार्यकम में कविता, गायन, का आयोजन के साथ-साथ गेम्स में चेयर रेस, रस्सा खेच का गेम भी खिलाया गया।

कार्यक्रम के अंत में, कमांडेंट ने सभी उपस्थित अतिथियों, जवानों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने होमगार्ड के जवानों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया।

# कलेक्टर ने कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए ग्राम पंचायत अम्बा का दौरा किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण- 2026 अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष सिंह ने शनिवार को ग्राम पंचायत अम्बा का दौरा किया। उन्होंने स्थल पर पहुंचकर अब्सेंट, पलायन एवं अन्य मतदाताओं की स्थिति का सूचीवार विस्तृत अवलोकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने गांव में भ्रमण कर मतदाताओं से सीधे संवाद किया और यह जानकारी ली कि उनके नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हैं या नहीं। जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने बताया कि मतदाता सूची को सुदृढ़ और शुद्ध करने का कार्य तेजी से जारी है और प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में जोड़ना हमारी प्राथमिकता है।

ग्राम अम्बा के बाद उन्होंने फाल्या मलगांव का निरीक्षण किया। यहां ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उन्होंने नाम जोड़ने-हटाने की प्रक्रियाओं की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने निरीक्षण के दौरान नो मैपिंग की स्थिति की भी जांच की और इस संबंध में तहसीलदार एवं बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए कि सभी प्रविष्टियां समय पर और सही रूप से सुनिश्चित की जाएं। इसके पश्चात देर शाम जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष सिंह ने बोरी बुजुर्ग क्षेत्र के पंचायत कार्यालय का भ्रमण कर चल रहे एसआईआर कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने दल को निर्देश दिए कि हर पात्र मतदाता तक पहुंचकर डेटा का सत्यापन करें और विशेष पुनरीक्षण कार्य को पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय सीमा में पूरा करें। विदित है कि जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह के मार्गदर्शन में जिले में एसआईआर कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया है और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों व निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।



## बिग बॉस 19 के विनर बने गौरव खन्ना

**मिला 50 लाख रुपए का कैश प्राइज, फिनाले में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान**



रियलिटी शो बिग बॉस 19 के ग्रैंड फिनाले को जीतकर इस सीजन के विजेता गौरव खन्ना बने हैं, जबकि फरहाना भट्ट रनर-अप रहीं। वहीं, अमाल मलिक पांचवें, तान्या मित्तल चौथे और प्रणीत मोरे तीसरे स्थान पर रहे। ग्रैंड फिनाले रविवार को मुंबई में हुआ।

विनर गौरव खन्ना की बात करें तो वे एक फेमस टीवी एक्टर हैं, जो सीआईडी और अनुपमा जैसे टीवी शो में नजर आ चुके हैं। शो जीतने पर गौरव को बिग बॉस की ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपए का कैश प्राइज मिला है।

फिनाले की बात करें तो इसमें कार्तिक आर्यन, अनन्या पांडे, अरमान मलिक और करण कुंद्रा जैसे कई सितारे पहुंचे।

भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह भी फिनाले में शामिल हुए। शो में उन्हें लॉरेंस गैंग की ओर से शामिल न होने की धमकी आई थी, इसके बावजूद वे शो में पहुंचे। वहीं, शो के दौरान सलमान धर्मेंद्र को याद करते हुए भावुक हो गए। बिग बॉस का यह सीजन 24 अगस्त से शुरू हुआ था। इस सीजन में कुल 18 कंटेस्टेंट आए थे।

# मुझे कोई इनसिक्योरिटी नहीं

**रेड सी फिल्म फेस्टिवल में बोलीं ऐश्वर्या- आराध्या की परवरिश मेरी प्राथमिकता, परिवार के साथ समय बिताना अच्छा लगता है**

ऐश्वर्या राय बच्चन ने 4 दिसंबर को रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 का हिस्सा बनीं। एक्ट्रेस सउदी अरब के जेद्दा में चल रहे पांचवें रेड सी फिल्म फेस्टिवल के ओपनिंग सेशन में शामिल हुईं। यहां पर उन्होंने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल डिसीजन और इनसिक्योरिटी पर बात की। सेशन में जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने इनसिक्योरिटी नहीं होती? जवाब में ऐश ने कहा- 'मैं आराध्या की देखभाल और अभिषेक के साथ समय बिताने में इतनी बिजी रहती हूं कि अगर मैं कोई फिल्म साइन नहीं करती, तो मुझे कोई इनसिक्योरिटी महसूस नहीं होती। असुरक्षा की भावना कभी भी मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत नहीं रही।'

सेशन के सामने आए वीडियो में वो अपनी बात को एक्सप्लेन करते हुए कहती हैं- 'मैं असुरक्षित महसूस नहीं करती। मुझे लगता है कि यह मेरे व्यक्तित्व का एक बहुत ही रियल पहलू है। इनसिक्योरिटी कभी भी मेरे लिए ड्राइविंग फोर्स नहीं रही है, जो आस-पास की बहुत सारी आवाजें आपके दिमाग में घुसने की कोशिश कर सकती हैं, और कभी-कभी चॉइस को आगे बढ़ा सकती हैं। ये कुछ ऐसा है जो मैं कभी नहीं रही।' वो आगे कहती हैं- शायद अनजाने में ही ये क्लैरिटी मेरे सारे करियर चॉइस में रही। अब पीछे मुड़कर देखती हूं तो, मैंने शुरू से ही ये दिखाया। अगर मैं किसी पेजेंट से आई थी, तो यह इस बारे में था कि जब मैं फिल्मों में आऊंगी तो बड़ा लॉन्च क्या होगा। और मुझे याद है मणिरत्नम ने मुझसे कहा था इरुवर असल में कोई लॉन्च फिल्म नहीं है। यह एक फिल्म है। यह एक कहानी है। यह ऐश्वर्या को लॉन्च करने के बारे में नहीं है। और मैंने सोचा, वाह, यही वो फिल्म है जो मैं करना चाहती हूं। क्योंकि यही वह मूवी है जिसका मैं हिस्सा बनना चाहती हूं।' बता दें कि यहां पर ऐश्वर्या और हॉलीवुड स्टार डकोटा जॉनसन साथ नजर आईं। दोनों की मुलाकात भी सुर्खियों में है। दोनों ने काफी देर तक बात भी की और डकोटा ने ऐश को ये भी बताया कि वो इस बार महाकुंभ का हिस्सा बनी थीं। डकोटा की भारत यात्रा पर ऐश ने खुशी जाहिर की।







## स्मृति मंधाना-पलाश मुछाल की शादी कैंसिल

**स्मृति ने लिखा- मामले को यहीं खत्म करना चाहती हूं, अब आगे बढ़ने का वक्त**

भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और सिंगर पलाश मुछाल की शादी कैंसिल हो गई है। स्मृति और पलाश ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाकर इसकी जानकारी दी। दोनों की शादी 23 नवंबर को होनी थी।

संगीत से लेकर हल्दी के कार्यक्रम हो चुके थे। बारात की तैयारियां चल रही थीं। ऐसे में 23 नवंबर की सुबह स्मृति के पिता को हार्ट अटैक आने के बाद शादी पोस्टपोन कर दी गई थी।

शादी टलने के बाद सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें फैलने लगीं। दावा किया गया कि पलाश ने स्मृति के साथ धोखा किया है और उनका नाम वेडिंग कोरियोग्राफर से जोड़ा गया। इसी बीच, स्मृति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शादी से जुड़ी सभी तस्वीरें हटा दी थीं।

स्मृति ने पोस्ट में लिखा- पिछले कुछ हफ्तों से मेरी निजी जिंदगी को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं, इसलिए मुझे लगा कि इस समय मुझे खुद इस बारे में बात कर देनी चाहिए। मैं बहुत निजी स्वभाव की इंसान हूं और अपनी प्राइवेसी बनाए रखना चाहती हूं, लेकिन यह साफ करना जरूरी है कि शादी अब कैंसिल हो गई है।

मैं चाहती हूं कि यहीं इस मामले को खत्म कर दिया जाए और आप सभी से भी यही अनुरोध है कि इस विषय को आगे न बढ़ाएं। कृपया इस समय दोनों परिवारों की निजी जिंदगी का सम्मान करें और हमें थोड़ा समय दें, ताकि हम अपनी भावनाओं को संभाल सकें और आगे बढ़ सकें।

पलाश ने इंस्टा स्टोरी में लिखा- मैंने अपने जीवन में आगे बढ़ने और अपनी निजी रिश्ते से पीछे हटने का फैसला किया है। मेरे लिए यह बहुत मुश्किल स्थिति रही है, खासकर तब जब लोग बिना किसी आधार के फैल रही अफवाहों पर इतनी आसानी से रिएक्ट करते हैं। जो चीज मेरे लिए सबसे पवित्र थी, उसी पर ऐसी बातें होना बेहद दुखद है। यह मेरे जीवन का सबसे कठिन दौर है, और मैं इसे अपनी मान्यताओं पर टिके रहते हुए शांत और सम्मानजनक तरीके से संभालूंगा। मैं सच में उम्मीद करता हूं कि हम एक समाज के रूप में यह सीखें कि किसी के बारे में बिना सत्यापित खबरों और अनजान सोर्स वाली गॉसिप पर भरोसा करके तुरंत फैसला न करें। हमारे शब्द कभी-कभी ऐसे घाव दे सकते हैं जिनकी गहराई हम समझ भी नहीं पाते।

# सारा खान ने हिंदू और मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी की

**लिखा- कुबूल है से सात फेरे तक; कृष पाठक संग अक्टूबर में कोर्ट मैरिज की थी**

टीवी एक्ट्रेस सारा खान एक फिर बार अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में हैं। सारा ने कृष पाठक संग कोर्ट मैरिज करने के बाद अब हिंदू और मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी की है। एक्ट्रेस ने दोनों ही शादियों की फोटो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं।

फोटो शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा- कुबूल है से सात फेरे तक...हमारे प्यार ने अपनी कहानी खुद लिखी और हम दोनों की दुनिया ने हां कह दिया।



सारा दुल्हन के जोड़े में काफी सुंदर लग रही हैं। जहां हिंदू रीति-रिवाज से शादी करने के लिए एक्ट्रेस ने लाल रंग का लंहगा पहना है। वहीं, निकाह के लिए वो गोल्डन रंग के लहंगे में नजर आ रही हैं। सारा की इस नई जर्नी पर इंडस्ट्री और फैंस से उन्हें खूब बधाईयां मिल रही हैं।

इससे पहले 6 अक्टूबर में सारा ने एक्टर-प्रोड्यूसर कृष पाठक संग रजिस्टर्ड मैरिज की थी। दोनों ने फैमिली और करीबियों के बीच अपनी शादी को रजिस्टर किया था। उस वक्त कपल ने कहा था कि अब दिसंबर में ग्रैंड वेडिंग सेलिब्रेशन करेंगे।

सारा ने जब कृष संग अपनी शादी का ऐलान किया, तब उन्होंने बहुत ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। दूसरे धर्म में शादी करने की वजह से सारा को ऑनलाइन ट्रोलिंग झेलनी पड़ी। बाद में एक्ट्रेस ने वीडियो बनाकर ट्रोलर्स को फटकार लगाई थी।

बता दें कि कृष से सारा की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने एक्टर अली मर्चेंट से बिग बॉस-4 के घर में शादी की थी। लेकिन शादी के दो महीने के अंदर ही दोनों ने तलाक ले लिया था।

अली ने रियलिटी शो 'सच का सामना' के एक एपिसोड में कहा कि उन्होंने पब्लिसिटी के लिए सारा से शादी की थी और उनसे शादी करना उनके जीवन की सबसे बड़ी गलती थी। साल 2023 में अली ने अपनी गर्लफ्रेंड अंदलीब जैदी से शादी कर ली थी।

# भारतीय टीम टी-20 सीरीज के लिए कटक पहुंची

## 45 हजार दर्शक मैच देख सकेंगे, 9 दिसंबर को साउथ अफ्रीका से मुकाबला



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कटक

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहला टी-20 मुकाबला 9 दिसंबर को कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच को लेकर शहर और स्टेडियम की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। करीब 45 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की गई है और उनके लिए सुरक्षा व सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

रविवार को भारतीय टीम कटक पहुंची। दोनों टीमों को भुवनेश्वर एयरपोर्ट से चार बसों के जरिए कटक लाया गया। यहां खिलाड़ियों ने करीब 45 मिनट ग्राउंड पर बिताया और फिर होटल लौट गए।

स्टेडियम में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था स्टेडियम में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। भुवनेश्वर से कटक तक आने वाले रूट चार्ट और ट्रैफिक प्लान की भी विस्तार से समीक्षा की गई है। अभ्यास और मैच के दिन खिलाड़ियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इसी के तहत टीम बसों की कारकेड रिहर्सल भी कराई गई, ताकि किसी आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। 9 दिसंबर को पहला टी-20 मैच कटक में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 5 मैच की टी-20 सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया ने वनडे सीरीज को 2-1 से जीता है, जबकि उसे 2 मैच की टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप झेलना पड़ा है।

## कोहली ने परिवार के साथ सिंहाचलम मंदिर में दर्शन किए, ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर भी साथ थे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ विशाखापट्टनम

इंडियन बैटर विराट कोहली ने अपने परिवार और ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर के साथ रविवार को विशाखापट्टनम स्थित सिंहाचलम मंदिर में दर्शन किए। 2 मिनट 36 सेकेंड के वीडियो में विराट कोहली मंदिर में पूजा-पाठ करते नजर आ रहे हैं। उनके साथ सुंदर भी हैं। विराट ने पारंपरिक कप्पस्थम्भम अलिंगनम (पवित्र स्तंभ को गले लगाना) अनुष्ठान में भाग लिया। मंदिर प्रशासन ने बताया कि कोहली पूरे परिवार के साथ दर्शन करने आए थे, लेकिन फोटो-वीडियो में कहीं भी अनुष्का और बच्चे नजर नहीं आए। विराट ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में दो शतकों के सहारे 151.00 की एवरेज से 302 रन बनाए। विराट ने तीसरे वनडे में नाबाद 66 रनों की पारी खेली। इस मैच को भारत ने 9 विकेट से जीता। पुजारियों ने वेद आशीर्वाद पाठ किया दर्शन के बाद पुजारियों ने नादस्वरम की ध्वनि के साथ वेद आशीर्वाद का पाठ किया। पुजारियों ने खिलाड़ियों को मंदिर का पवित्र वस्त्र दिया और देवस्थानम की ओर से उन्हें भगवान का चित्र और प्रसाद भेंट किया। मई में अयोध्या गए थे, रामलला-हनुमान गढ़ी में दर्शन किए विराट कोहली और अनुष्का शर्मा 25 मई को अयोध्या गए थे। दोनों ने सुबह 7 बजे रामलला के दर्शन किए। दोनों गर्भगृह में करीब 10 मिनट रहे। हालांकि, राम मंदिर में विराट-अनुष्का की तस्वीरें सामने नहीं आई। उसके बाद दोनों ने हनुमानगढ़ी मंदिर में 20 मिनट तक पूजा-अर्चना की। पुजारी ने दोनों को माला पहनाई।

## विनेश फोगाट ने कुश्ती फेडरेशन को 'गुंडा-बदमाश' कहा



### इंटरनेशनल रेसलर के समर्थन में उतरीं; हिसार में चैंपियनशिप खेलने से रोका था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हांसी

सीनियर स्टेशन चैंपियनशिप में खेलने से रोकी गई अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी निर्मल बूरा के समर्थन में पूर्व कुश्ती खिलाड़ी और कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट आ गई हैं। विनेश ने कुश्ती फेडरेशन पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे 'गुंडा-बदमाश' बताया है। कहा कि वह निर्मल बूरा के सम्मान और हर खिलाड़ी के अधिकार के लिए खड़ी हैं।

विनेश फोगाट ने अपने हैंडल पर इस संबंध में पोस्ट डाली। इसमें लिखा कि फेडरेशन में ऐसे लोग बैठे हैं, जो मनमर्जी से, बिना किसी पारदर्शिता के खिलाड़ियों को शामिल या बाहर करने का फैसला ले रहे हैं। उन्होंने इस व्यवहार को शर्मनाक बताया। बता दें कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब हिसार जिले के हांसी में रेसलिंग हरियाणा सीनियर स्टेट चैंपियनशिप के दौरान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और हरियाणा पुलिस की इंस्पेक्टर निर्मल बूरा को खेलने से रोक दिया गया। इससे वे काफी निराश हुई थी। यहां तक कि उनकी आंखों से आंसू भी आ गए थे। उन्होंने इसके खिलाफ रेसलिंग फेडरेशन और कोर्ट जाने की भी बात कही थी। उधर, अब विनेश फोगाट ने भारत सरकार और खेल मंत्रालय से इस मामले में हस्तक्षेप कर निर्मल बूरा को न्याय दिलाने की मांग की है। विनेश फोगाट ने अपनी पोस्ट में निर्मल बूरा को हरियाणा की एक अत्यंत सम्मानित और उपलब्धि-सम्पन्न खिलाड़ी बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि निर्मला भीम अवार्डी, कॉमनवेल्थ गेम्स सिल्वर मेडलिस्ट, एशियन चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट और 20 बार सीनियर नेशनल मेडलिस्ट रही हैं।

# भारत-पाकिस्तान एशिया कप फाइनल के अंपायर का इंटरव्यू

### कहा- 'बल्ले-गेंद से बात करो' यह कहकर अभिषेक-रउफ विवाद संभाला, भारत-पाक मैचों में ज्यादा दबाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

'भारत-पाकिस्तान के मैचों पर ज्यादा दबाव रहता है। लेकिन, इंडिया-पाकिस्तान जैसे हाई-प्रोफाइल मैचों में बार-बार अंपायरिंग करना किसी भी अंपायर के लिए गर्व की बात है।'

यह कहना है एशिया कप फाइनल में अंपायरिंग करने वाले अहमद शाह पकतीन का। अफगानिस्तान के इंटरनेशनल अंपायर ने अभिषेक-रउफ की बहस, ट्रॉफी विवाद और अपने सफर पर बात की।

अहमद शाह ने बताया कि कैसे बचपन के टेनिस-बॉल मैचों से शुरू हुआ उनका सफर आज बड़े सीरीज और टूर्नामेंट तक पहुंचा है।

**सवाल :** आप रिफ्यूजी कैम्प में कब और क्यों गए? **अहमद शाह:** रूस के अफगानिस्तान पर हमले के बाद हम 1982 में रिफ्यूजी कैम्प गए। तब मैं 5-6 साल का था।

**सवाल:** वहां क्रिकेट से आपका परिचय कैसे हुआ? **अहमद शाह:** पहले हम पेशावर में रहते थे। वहीं मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया। टीवी पर देखकर इस खेल में दिलचस्पी बढ़ी। मैं दूसरी क्लास में था। मुझे याद है, शुरू में मैं अपने कजिन के साथ फुटबॉल खेलने जाता था, लेकिन आसपास लोग बहुत क्रिकेट खेलते थे, तो मैंने भी फुटबॉल छोड़कर क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया।

**सवाल:** शुरूआत में ही आपको



बड़े मैच कैसे मिले? **अहमद शाह:** मेहनत, लगन और लगातार सीखने की वजह से मिले। टेस्ट, वनडे, टी-20 और लीग सब में काम मिला। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि अफगान अंपायरिंग ने बड़ा नाम कमाया।

**सवाल:** आपका इंटरनेशनल डेब्यू भारत में हुआ था। नोएडा का अनुभव कैसा रहा? **अहमद शाह:** वनडे डेब्यू ग्रेटर नोएडा में हुआ। नोएडा मुझे बहुत पसंद है, शांत, साफ और आरामदायक जगह है।

**सवाल:** एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान जब अभिषेक-रउफ में तनातनी हुई थी, तब आपने हालात कैसे संभाले? **अहमद शाह:** मैच का माहौल गर्म था, लेकिन हम तैयार थे। मैंने दोनों टीमों से कहा, बल्ले और गेंद से बात करो, मुंह से नहीं। कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ी पश्तो जानते थे, इसलिए बातचीत आसान रही।

# गंभीर ने टेस्ट में अलग कोच की मांग खारिज की



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने विशाखापट्टनम में खेले गए तीसरे वनडे में साउथ अफ्रीका को हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम किया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने हाल ही में 2-0 से हारी टेस्ट सीरीज के बाद उठी आलोचनाओं पर प्रतिक्रिया दी। गंभीर ने कहा कि टेस्ट हार के बाद कई तरह की बातें कही गईं, जिनमें कुछ ऐसे लोग भी शामिल थे जिनका क्रिकेट से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने स्प्लिट कोचिंग (अलग-अलग फॉर्मेट के लिए अलग कोच) की उठी मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सभी को अपने-अपने क्षेत्र में ही रहना चाहिए और बिना समझे दूसरों के काम में दखल नहीं देना चाहिए। दरअसल, भारत की टेस्ट सीरीज हार के बाद आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के को-ओनर पार्थ जिंदल ने टेस्ट टीम के चयन पर सवाल उठाए थे और सुझाव दिया था कि भारत को रेड-बॉल क्रिकेट के लिए अलग कोच नियुक्त करना चाहिए। पहले टेस्ट में गिल के चोट को हार की वजह बताई गंभीर ने कहा कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में टीम मुश्किल हालात में खेली थी।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

लंदन-पेरिस से ज्यादा

# देश के शहरों का हवाई किराया



## दिल्ली-पटना के लिए खर्च करने पड़ रहे 60 हजार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश के विमानन क्षेत्र में परेशानी जारी है। तकनीकी परेशानियों और क्रू की कमी के चलते सैकड़ों उड़ानें रद्द हो रही हैं, जिसका सीधा असर हवाई किरायों पर पड़ा है। स्थिति यह है कि घरेलू मार्गों का किराया अब लंदन और पेरिस के टिकटों से भी महंगा हो गया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

भारतीय विमानन क्षेत्र इस समय अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के परिचालन संकट ने हवाई यात्रा को आम आदमी की पहुंच से पूरी तरह बाहर कर दिया है। तकनीकी परेशानियों और क्रू की कमी के चलते सैकड़ों उड़ानें रद्द हो रही हैं, जिसका सीधा असर हवाई किरायों पर पड़ा है। स्थिति यह है कि घरेलू मार्गों का किराया अब लंदन और पेरिस के टिकटों से भी महंगा हो गया है। विभिन्न ट्रैवल पोर्टल्स और बुकिंग वेबसाइटों के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, जिन रूट्स पर इंडिगो का दबदबा था, वहां सबसे ज्यादा मारामारी है। चूंकि इंडिगो के पास घरेलू बाजार की 60% से अधिक हिस्सेदारी है, उसके लड़खड़ाते ही पूरा सिस्टम चरमरा गया है। इंडिगो एयरलाइन की ओर से पिछले दो-तीन दिनों में हर दिन सैकड़ों उड़ानें रद्द की गई हैं। देश के प्रमुख शहरों के बीच हवाई किरायों में बेतहाशा वृद्धि दिखी है। सामान्य दिनों में 6 से 8 हजार रुपये में मिलने वाले टिकट अब 50 से 60 हजार रुपये तक पहुंच गए हैं। सबसे अधिक प्रभावित होने वाले रूट्स में कोलकाता, मुंबई, उदयपुर, पटना और दिल्ली हैं।

## सरकार पर दबाव बनाने के आरोप में घिरी इंडिगो, पांच माह पहले बने नियम

# फिर क्रू स्टाफ क्यों नहीं बढ़ाया?




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

इंडिगो पिछले चार दिनों से उड़ान रद्द और किराए में उछाल से जूझ रही है। एफडीटीएल नियम लागू होने के बाद पायलटों को लंबे आराम और नाइट शिफ्ट पर कड़ी पाबंदियां मिलीं। 4 दिसंबर को करीब 800 उड़ानें रद्द, टिकटें 10,000 से 40,000 रुपये तक। ऐसे में सवाल यह है कि क्या इंडिगो ने नियमों का सामना करने के लिए पर्याप्त पायलट और क्रू तैनात किया या सरकार पर दबाव बनाने के लिए इस संकट को हवा दी गई?

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पिछले चार दिनों से भारी अव्यवस्था का सामना कर रही है। एक ओर उड़ानों का बड़े पैमाने पर रद्द होना और दूसरी ओर आसमान छूते किराए ने यात्रियों को परेशानी में डाल दिया है। एयरलाइन ने जिम्मेदारी नए एफडीटीएल (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) नियमों पर डाली, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इंडिगो के पास तैयारी के लिए पर्याप्त समय था। इस कारण यह आरोप भी गंभीर हो गया है कि एयरलाइन ने नियमों में ढील पाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने का रास्ता चुना।

एविएशन विशेषज्ञों के अनुसार इस संकट की जड़ जनवरी 2024 में दायर उस याचिका में है जिसमें पायलट यूनियन ने दिल्ली हाईकोर्ट के सामने थकान और लम्बी ड्यूटी को गंभीर सुरक्षा जोखिम बताया था। कोर्ट के निर्देश के बाद डीजीसीए ने एफडीटीएल नियमों में बदलाव किए और इन्हें एक जुलाई 2025 से लागू कर दिया। इन नियमों ने पायलटों को साप्ताहिक 36 घंटे की बजाय 48 घंटे का अनिवार्य आराम दिया और किसी भी छुट्टी को वीकली रेस्ट मानने पर रोक लगा दी। नवंबर 2025 में इनका दूसरा चरण लागू हुआ, जिसमें लगातार नाइट शिफ्ट पर कड़ी पाबंदियां लग गईं। इन्हीं बदलावों का असर इंडिगो पर सबसे अधिक पड़ा। 2 दिसंबर को दिल्ली, मुंबई और बंगलूरू जैसे बड़े एयरपोर्ट्स पर उड़ानें अनियमित होना शुरू हुईं और ऑन-टाइम परफॉर्मेंस गिरकर 35% पर आ गया। 3 दिसंबर को यह स्थिति और बिगड़ी और ऑपरेशनल परफॉर्मेंस 19.7% तक गिर गया।

कैसे बढ़ा किराया, हालात भी हुए ठप..

4 दिसंबर को हालात लगभग ठप हो गए। करीब 800 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और ओटीपी सिर्फ 8.5% पर रह गया। कई रूट्स पर टिकट का किराया 10,000 से बढ़कर 40,000 तक देखा गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के सूत्रों के अनुसार इंडिगो ने शुरूआती तीन दिनों में विभिन्न कारण बताए। लेकिन उसने स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि नए एफडीटीएल नियमों को लागू करने के लिए उसके पास पर्याप्त पायलट और क्रू उपलब्ध नहीं थे।

4 दिसंबर को डीजीसीए के साथ बैठक के बाद एयरलाइन ने पहली बार स्वीकार किया कि उसने क्रू रोस्टरिंग की जरूरतों का कम आकलन किया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि एयरलाइन को नए स्टाफ की भर्ती के लिए 9 महीने का समय मिला था, लेकिन उसने पर्याप्त नियुक्तियां नहीं कीं। कई विशेषज्ञों ने आरोप लगाया है कि इंडिगो ने सरकार पर दबाव बनाने के लिए जानबूझकर उड़ानें प्रभावित होने दीं, ताकि सरकार एफडीटीएल नियमों में ढील देने के लिए मजबूर हो जाए। यह आरोप सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा का विषय बना रहा।

### अमेरिका-यूरोप में पायलटों के आराम के साप्ताहिक घंटे तय

इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन (आईसीएओ) के अनुसार अमेरिका में एफएफएए के नियमों के तहत पायलट हफ्ते में कम से कम 32 घंटे का आराम लेते हैं और महीने में 100 घंटे से अधिक उड़ान नहीं भर सकते। यूरोप में ईएएसए एक दिन में अधिकतम 10 घंटे उड़ान की अनुमति देता है, जिसे विशेष परिस्थितियों में 12 घंटे तक बढ़ाया जा सकता है। दो उड़ान ड्यूटी के बीच 10-11 घंटे आराम अनिवार्य है और हफ्ते में एक बार 36 घंटे का ब्रेक दिया जाता है। रूस और चीन दोनों देशों में पायलटों के आराम से जुड़े मानक अंतरराष्ट्रीय ढांचे आईसीएओ की सिफारिशों पर आधारित हैं, लेकिन दोनों ने अपनी घरेलू जरूरतों के अनुसार कुछ सख्त प्रावधान लागू किए हैं। रूस में पायलट एक दिन में आम तौर पर 10 घंटे से अधिक उड़ान नहीं भर सकते और दो ड्यूटी के बीच कम से कम 12 घंटे का आराम अनिवार्य है, जबकि लगातार नाइट ऑपरेशन पर भी सीमाएं लगाई गई हैं। चीन में नियम इससे कुछ अधिक नियंत्रित हैं। चाइना सिविल एविएशन अथॉरिटी पायलटों को एक दिन में अधिकतम 8-9 घंटे की उड़ान की अनुमति देती है और दो उड़ानों के बीच न्यूनतम 10-12 घंटे का रेस्ट अनिवार्य करती है। चीन में साप्ताहिक आराम भी कड़ा है, जहां पायलटों को हर सात दिनों में कम से कम 36 से 48 घंटे का रेस्ट दिया जाता है।

### डीजीसीए के नए नियम


नए मानकों के अनुसार पायलट दिन में अधिकतम 10 घंटे और रात में अधिकतम 8 घंटे उड़ान भर सकते हैं। दो पायलटों की स्थिति में कुल ड्यूटी 13 घंटे तक बढ़ सकती है, लेकिन इसके बाद अनिवार्य आराम देना आवश्यक है। हफ्ते में उड़ान की सीमा 100 से 125 घंटे निर्धारित की गई है और सालाना उड़ान सीमा 1,000 घंटे से अधिक नहीं हो सकती। लगातार सिर्फ 2 नाइट शिफ्ट की अनुमति है और हफ्ते में 2 से अधिक नाइट लैंडिंग नहीं की जा सकती। नियमों के उल्लंघन पर एयरलाइन पर एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। एविएशन मार्केट में इंडिगो की हिस्सेदारी 60-65% के बीच है और वह रोजाना लगभग 2300 उड़ानें संचालित करती है। इस विशाल ऑपरेशन में किसी भी प्रकार की छोटी गड़बड़ी तुरंत बड़े पैमाने पर असर डालती है। इंडिगो के पास 5,456 पायलट, 10,212 केबिन क्रू और कुल 41,000 से अधिक कर्मचारी हैं, लेकिन नए नियमों के अनुरूप यह संख्या पर्याप्त साबित नहीं हुई। इसके विपरीत अन्य एयरलाइंस की उड़ानें कम हैं और उनके पास स्टाफ अपेक्षाकृत अधिक है, इसलिए वे नए शेड्यूल के साथ जल्दी सामंजस्य बिठा पाईं।

## आरबीआई की बैंकों व एनबीएफसी को दो टूक- ग्राहकों को सबसे ऊपर रखें

# शिकायतों में कमी के लिए चलेगी मुहिम

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती का फैसला किया, जिससे यह अब घटकर 5.25% पर आ गई है। एमपीसी के फैसलों के एलान के बीच आरबीआई गवर्नर ने बैंकों और एनबीएफसी को भी नसीहत दी है। केंद्रीय बैंक के मुखिया ने कहा कि बैंक ग्राहकों को अपने परिचालन में सबसे ऊपर रखें और उनकी बढ़ती शिकायतों का तत्काल निवारण करें। आरबीआई गवर्नर ने और क्या कहा, आइए जानें विस्तार से।




भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति के फैसलों की घोषणा करते हुए बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र के लिए एक स्पष्ट संदेश जारी किया। गवर्नर ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से अपनी नीतियों और कामकाज में ग्राहकों को सर्वोपरि रखने की बात कही। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने उन्हें से ग्राहक सेवाओं में सुधार लाने और शिकायतों को भी कम करने को कहा।

आरबीआई एमपीसी ने गवर्नर ने ब्याज दरों में भी बड़ी राहत दी है। एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती का फैसला किया, जिससे यह अब घटकर 5.25% पर आ गई है। केंद्रीय बैंक ने अपना रुख 'तटस्थ' बनाए रखा है।

**1 जनवरी से शुरू होगा विशेष शिकायत निवारण अभियान-** ग्राहकों की ओर बैंकों-एनबीएफसी में बढ़ती शिकायतों पर आरबीआई गवर्नर ने एक अहम घोषणा की। उन्होंने बताया कि आरबीआई लोकपाल के पास एक महीने से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों के समाधान के लिए अगले साल 1 जनवरी से दो महीने का विशेष अभियान चलाया जाएगा।

गवर्नर मल्होत्रा ने कहा, हाल के दिनों में बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त होने के कारण, आरबीआई लोकपाल के पास लंबित मामलों में इजाफा हुआ है। हम 1 जनवरी से दो महीने का अभियान चलाने का प्रस्ताव कर रहे हैं, इसका उद्देश्य उन सभी शिकायतों का समाधान करना है जो एक महीने से अधिक समय से लंबित हैं।

### ग्राहक सेवा में सुधार के लिए उठाए गए कदम

- आरबीआई गवर्नर ने ग्राहक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए केंद्रीय बैंक द्वारा उठाए गए हालिया कदमों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमने इस दिशा में कई उपाय किए हैं। री-केवाईसी, वित्तीय समावेशन और 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान अन्य हितधारकों के सहयोग से की गई कुछ प्रमुख पहल हैं।
- उन्होंने आगे बताया कि साल की शुरूआत में आरबीआई ने अपने 'सिटिजन चार्टर' की भी समीक्षा की थी और सभी सेवाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है। गवर्नर ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा, हम हर महीने की पहली तारीख को विभिन्न आवेदनों के निपटान और लंबित मामलों का सारांश प्रकाशित कर रहे हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 99.8% से अधिक आवेदनों का निपटान निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जा रहा है।

## विमानन बाजार के लिए चेतावनी, उपभोक्ता अधिकारों पर प्रहार

# स्टाफ संरचना और बाजार प्रभुत्व के स्तरों पर संकट

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

इंडिगो के प्रभुत्व और नए एफडीटीएल नियमों के बाद घरेलू उड़ानों में भारी व्यवधान ने भारतीय विमानन की कमजोरियां उजागर की हैं। उड़ान रद्द और किराए आसमान छूने से यात्रियों, निवेशकों और नियामकों को असर पड़ा। विश्लेषकों का कहना है कि विकेंद्रीकरण की कमी और सीमित विकल्पों के कारण एयरफेयर में अचानक वृद्धि हुई, जिससे इंडस्ट्री में संतुलन बिगड़ा और प्रतिस्पर्धा कमजोर साबित हुई।

देश के घरेलू आसमान में इंडिगो की विशाल उपस्थिति ने जहां भारतीय विमानन को गति दी थी, वहीं मौजूदा व्यवधान ने यह भी स्पष्ट किया है कि अत्यधिक केंद्रीकरण किसी भी उद्योग के लिए कितना जोखिमपूर्ण साबित हो सकता है। पिछले कुछ दिनों की उथल-पुथल ने सामान्य यात्रियों, निवेशकों, नियामकों और प्रतिस्पर्धी कंपनियों को समान रूप से प्रभावित किया है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सिर्फ एक एयरलाइन का परिचालन संकट नहीं बल्कि भारतीय विमानन प्रणाली की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर करने वाला परिदृश्य बन गया है। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय घरेलू उड़ानों में इंडिगो का प्रभुत्व वर्षों से बढ़ता रहा है। मगर यही ताकत अब बाजार की कमजोरी बनकर सामने आई। जब अमेरिकी या यूरोपीय बाजार में कोई बड़ी एयरलाइन अवरोध का सामना करती है, वहां प्रतिस्पर्धी कंपनियां तुरंत दबाव कम कर पाती हैं। लेकिन भारतीय व्यवस्था में हाल ही में विलय, फ्लीट की कमी और नए विमानों की धीमी आपूर्ति ने संतुलन की क्षमता लगभग समाप्त कर दी है। इंडस्ट्री विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय बाजार में यात्रियों के लिए विकल्प का दायरा अत्यंत सीमित हो चुका है। इसलिए जैसे ही इंडिगो के नेटवर्क में लय टूटी, पूरे सेक्टर में एयरफेयर अप्रत्याशित रूप से बढ़ गए। कई रूट्स पर प्रतिस्पर्धी एयरलाइंस ने अवसर देखते हुए डायनेमिक प्राइसिंग इतनी तेजी से बढ़ाई कि सामान्य दिनों में उपलब्ध 5 से 7 हजार की टिकटें लगभग 8 से 10 गुना बढ़ गईं।

# उत्तराखंड में गंगोत्री हाईवे परियोजना के खिलाफ आरएसएस

## एनवायरमेंटलिस्ट बोले- 7 हजार देवदार के पेड़ कटेंगे, मां गंगा सूख जाएगी, बर्फबारी नहीं होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तराखंड में केन्द्र और राज्य सरकार की महत्त्वकांक्षी गंगोत्री हाईवे परियोजना यानी ऑल वेदर रोड के खिलाफ संघ यानी फ्र खुलकर विरोध में आ गया है। फ्र के सह-सरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने परियोजना के तहत 7 हजार देवदार के पेड़ों को काटने का विरोध किया है।

इसके बाद रविवार को उत्तरकाशी के हर्षिल में 100 से ज्यादा लोगों ने देवदार के पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधा। इसको समर्थन देने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती भी पहुंचे। इसी दौरान वरिष्ठ पत्रकार राहुल कोटियाल ने भी देवदार के पेड़ में रक्षा सूत्र बांधा।

एनवायरमेंट एक्सपर्ट आयुष जोशी ने बताया कि ये पेड़ भागीरथी इकोनॉमिक सेंसेटिव जोन में काटे जाएंगे, जिससे गंगा का पानी सूख जाएगा। इसका असर पूरे उत्तर भारत में देखने को मिलेगा और बर्फबारी में कमी दर्ज की जाएगी।

इसी साल नवंबर में उत्तराखंड के हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्सेज के एक लेटर के अनुसार, ऑल वेदर रोड के कारण 41.92 हेक्टेयर वन क्षेत्र का नुकसान होगा, जिसमें कई देवदार के पेड़ भी शामिल हैं। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि 900 किलोमीटर लंबी परियोजना में कुल 56 हजार से ज्यादा पेड़ काटे जाने थे, जिनमें से लगभग 36,000 पेड़ पहले ही काटे जा चुके थे।



### 12 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च हो रहे

केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर उत्तराखंड में 889 किलोमीटर लंबा एक महत्वाकांक्षी राजमार्ग नेटवर्क बनाना चाहती है, जिसका उद्देश्य यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जैसे चार प्रमुख तीर्थ स्थलों को साल भर रोड कनेक्टिविटी से जोड़ना है, ताकि मानसून या बर्फबारी के दौरान भी यात्रा सुरक्षित और सुगम हो सके, जिससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले। इस परियोजना में पुरानी सड़कों को चौड़ा करना (लगभग 10-12 मीटर तक), उन्हें पक्का करना और भूस्खलन जैसी समस्याओं से बचाने के लिए मॉडर्न तकनीकी का उपयोग करना शामिल है। जिसे दिसंबर 2016 से शुरू किया गया था। जिसके के लिए 12,769 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

## विरोध क्यों हो रहा है?

चार धाम परियोजना की हाई पावर कमेटी के सदस्य डॉ. हेमंत ध्यानी ने बताया कि इस परियोजना के तहत गंगोत्री घाटी और हर्षिल घाटी के हजारों देवदार के पेड़ों को कटा जाना है। पेड़ों की कटाई से इस इलाके को होने वाले दीर्घकालिक नुकसान की परतें उजागर करती है।

उनका दावा है कि 900 किलोमीटर की ऑल-वेदर रोड परियोजना में लगभग 800 किलोमीटर तक पहाड़ कट चुके हैं और इससे उत्तराखंड और यहां के पर्यावरण को बहुत नुकसान हुआ है। वैज्ञानिक सरकार को बता चुके हैं कि बिना पेड़ काटे भी हाईवे चौड़ा किया जा सकता है और इस तरह लगभग 90 प्रतिशत नुकसान रोका जा सकता है।

उनका कहना है कि यदि बचे हुए लगभग 100 किलोमीटर में भी कटान हुआ तो यह इको-सेंसिटिव इलाके के लिए विनाशकारी साबित होगा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्रीय हाई पावर कमेटी ने उत्तरकाशी से भैरव घाटी तक 12 मीटर चौड़ी करण प्रस्तावित किया था लेकिन अब केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क चौड़ीकरण को एक मीटर घटाने का निर्णय लिया यानी 12 मीटर से घटाकर 11 मीटर तक ही चौड़ी की होगी।

डॉ. हेमंत ध्यानी ने बताया कि मौजूद हिंदुओं को पवित्र धाम गंगोत्री तक सरकार फोर लेन का हाईवे बनाना चाहती है। उत्तरकाशी से लेकर गंगोत्री तक का करीब 110 किलोमीटर का हिस्से में लगभग 7 हजार देवदार के पेड़ों को काटने पर सरकार मुहर लगा चुकी है। पर इसके खिलाफ अब वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और स्थानीय लोगों ने एक बड़ा आंदोलन छेड़ने जा रहे हैं। भैरवघाटी के बीच देवदार के जंगलों को राखी बांधने जा रहे हैं। इस आंदोलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री मुरली मनोहर जोशी, वैज्ञानिक डॉ. नवीन जुयाल, पर्यावरणविद रवि चोपड़ा, डॉ. सत्यकुमार व जम्मू-कश्मीर के पूर्व सांसद डॉ. करन सिंह, चार धाम परियोजना की हाई पावर कमेटी के सदस्य डॉ. हेमंत ध्यानी सहित सैकड़ों विशेषज्ञ व स्थानीय लोग शामिल होने जा रहे हैं। ऑल वेदर परियोजना ने पर्यावरण बर्बाद किया।

## धराली आपदा के बाद विरोध तेज



इस साल धराली में आई प्राकृतिक आपदा के बाद हाईवे चौड़ीकरण का स्थानीय स्तर पर विरोध तेज हो गया है। स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता कल्पना ठाकुर के अनुसार, धराली की आपदा पूरे देश के साथ हर्षिल घाटी के लोगों के लिए भी प्रकृति का संदेश है। इसलिए अब हम नहीं चाहते कि यहां देवदार के 7 हजार पेड़ों को काटा जाए। इसके बजाए सरकार को वैज्ञानिकों की उस रिपोर्ट के आधार पर काम करना चाहिए, जिसमें सड़क चौड़ीकरण के नए सुझाव दिए गए हैं।

## दिल्ली से देहरादून का सफर ढाई घंटे में होगा पूरा:रियल एस्टेट कारोबार में 40% तक होगा उछाल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का लंबे समय से इंतजार कर रहे लोगों के लिए 1 दिसंबर एक अहम तारीख साबित हुई है। 210 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे का पहले ही ट्रायल रन शुरू हो चुका है और अभी फिलहाल दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर से बागपत (खेकड़ा के पास ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे जंक्शन) तक का 32 किलोमीटर हिस्सा वाहनों के लिए खोल दिया गया है। इस हिस्से में बिना टोल शुल्क के 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यात्रा संभव है।

उधर, बागपत से सहारनपुर तक निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन कई हिस्सों में काम अभी भी अधूरा है। निर्माण एजेंसियों के अनुसार, सहारनपुर क्षेत्र में बचा हुआ काम दिसंबर 2025 के अंत तक पूरा हो जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि फरवरी 2026 तक पूरा कॉरिडोर जनता के लिए खोल दिया जाएगा। पूरी तरह शुरू होने पर यह 6 लेन एक्सप्रेसवे दिल्ली-देहरादून यात्रा समय को मौजूदा 6 से साढ़े 6 घंटे से घटाकर केवल ढाई घंटे कर देगा। इस परियोजना की विशेष बात यह है कि राजाजी नेशनल पार्क के ऊपर 12 किमी का एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया गया है, जिसमें वन्यजीव पास और सोलर पैनल भी शामिल हैं।

### देहरादून पर एक्सप्रेस-वे का क्या पड़ेगा असर?

### 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है तापमान

रफ्तार और विकास की इस उम्मीद के साथ कई चिंताएं भी जुड़ी हुई हैं। इस एक्सप्रेस-वे के पूरी तरह खुल जाने के बाद देहरादून पर इसका क्या असर पड़ेगा। इसको लेकर कई लोगों से बातचीत की। पर्यावरणविद् और प्रोफेसर एसपी सती ने इस एक्सप्रेसवे को लेकर गंभीर पर्यावरणीय खतरे जताए हैं। उन्होंने बताया कि निर्माण प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई हुई है, क्योंकि एक्सप्रेसवे राजाजी नेशनल पार्क के मध्य से होकर गुजरता है।

एसपी सती के मुताबिक, चौड़ी सड़कों का काला डामर सूरज की गर्मी को अधिक अवशोषित करता है, जिससे आस-पास के क्षेत्रों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है। इसके साथ ही कई लेन वाले इस एक्सप्रेसवे से भविष्य में ट्रैफिक का दबाव बढ़ेगा और पेट्रोलियम पदार्थों के दहन से ब्लैक कार्बन उत्सर्जन भी अधिक होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि देहरादून पहले ही वायु प्रदूषण के मामले में दिल्ली के समकक्ष पहुंचने लगा है और यह परियोजना स्थिति को और बिगाड़ सकती है।

## इंडिगो संकट- एयरलाइन ने अबतक 610 करोड़ रिफंड किए

# यात्रियों को 3 हजार बैगेज भी लौटाए; छठे दिन 650+ फ्लाइट कैंसिल की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंडिगो ऑपरेशन संकट के बीच रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ का रिफंड कर दिया है। इसके साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3 हजार से ज्यादा बैगेज भी लौटाए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार शाम इसकी जानकारी दी।

मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट फुल कैपेसिटी के साथ उड़ान भर रही हैं।

इंडिगो के उएड ने पीटर एल्बर्स ने बताया कि आज हम 138 में से 137 डेस्टिनेशंस पर 1650 फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। ऑन टाइम परफॉर्मेंस (ब्ळढ) 75% रहने का अनुमान है। शनिवार को यह आंकड़ा 1500 था। आमतौर पर एयरलाइन रोजाना करीब 2300 उड़ानें ऑपरेट करती है। हमारी सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं। आज भी इंडिगो की 650 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। इनमें दिल्ली, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, भोपाल, मुंबई, त्रिची से जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं। इससे पहले एयरलाइन ने शुक्रवार को लगभग 1600 फ्लाइट और शनिवार को लगभग 800 फ्लाइट कैंसिल की थीं।

कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई फ्लाइट्स के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस 7 दिसंबर को रात 8 बजे तक पूरा करनी होगी। अगले 48 घंटों में पैसेंजर के बैगेज को ट्रेस करके डिलीवर करना होगा।

कंपनी के सीईओ को 24 घंटे में बताना होगा कि पिछले 5 दिन से जारी संकट के चलते कंपनी पर एक्शन क्यों न लिया जाए। जवाब न देने पर डीजीसीए एकतरफा फैसला ले सकेगा।

## गोवा-नाइट क्लब में आग, 25 मौतें, इनमें 20 कर्मचारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पणजी

गोवा के अरपोरा इलाके में शनिवार देर रात एक नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई, मरने वाले में 20 क्लब के ही कर्मचारी हैं। गोवा पुलिस ने क्लब मैनेजर सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।

सीएम प्रमोद सावंत ने कहा, शुरुआती जांच के मुताबिक पटाखे फोड़ने से आग लगी। कुछ लोग बाहर आ गए लेकिन कुछ नहीं आ सके, जिससे उनकी जान चली गई। पूरी जांच की जा रही है, और एक हफ्ते में रिपोर्ट मिल जाएगी। मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। गोवा सरकार ने नाइट क्लब को 2023 में अनुमति देने में लापरवाही के आरोप में तीन अधिकारियों पूर्व पंचायत डायरेक्टर सिद्धि तुषार हरलंकर, ोबर सेक्रेटरी रहीं डॉ. शमिला मोंटेइरो और अरपोरा-नागोआ पंचायत के सेक्रेटरी रघुवीर बागकर को सस्पेंड कर दिया है। शुरूआती जांच में पाया गया कि क्लब में फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं हुआ था। अधिकारी और त्र्रछ टीम आग की वजह की जांच कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता की घोषणा की है।

### पाकिस्तान बोला- जयशंकर का बयान उकसाने वाला:

# भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था- पाकिस्तानी आर्मी भारत की कई समस्याओं की वजह

## पाकिस्तान ने अरुणाचल पर चीन के दावे का समर्थन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची

पाकिस्तान ने भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर के उस बयान की आलोचना की है, जिसमें उन्होंने ढअङ आर्मी को भारत की कई समस्याओं की वजह बताया था। पाकिस्तान ने कहा कि है उसकी सेना राष्ट्रीय सुरक्षा का मजबूत स्तंभ हैं।

जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में हुए हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में कहा था कि पाकिस्तान की कई नीतियां उसकी सेना की वजह से प्रभावित होती हैं। उन्होंने कहा कि हमारी ज्यादातर समस्याएं वहीं से पैदा होती हैं।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंदराबी ने इस बयान को उकसाने वाला, आधारहीन और गैर-जिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक जिम्मेदार देश है और उसकी सेना किसी भी आक्रमण का जवाब देने में सक्षम है। अंदराबी ने मई महीने में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष का जिक्र किया और कहा कि पाकिस्तानी सेना ने उस समय देश की रक्षा क्षमता को साबित किया था। समिट के दौरान जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान में आज जो हो रहा है वो इसके 80 साल पुराने इतिहास का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में किसी न किसी तरीके से सेना ही शासन करती है, कभी सेना खुलकर ये काम करती है, कभी पर्दे के पीछे से। पाकिस्तान ने कहा कि जयशंकर का यह बयान उसकी संस्थाओं और नेतृत्व को बदनाम करने की भारतीय कोशिशें एक दुष्प्रचार अभियान का हिस्सा हैं। इसका मकसद भारत की अस्थिर करने वाली गतिविधियों और पाकिस्तान में भारत समर्थित आतंकवाद से ध्यान भटकाना है।



पाकिस्तान ने एक बार फिर चीन के अरुणाचल प्रदेश पर दावे का खुलकर समर्थन किया। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने 5 दिसंबर को प्रेस ब्रीफिंग में कहा, ह्यचीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े हर मुद्दे पर पाकिस्तान का लगातार और पूरा समर्थन चीन के साथ है।

अरुणाचल प्रदेश पर चीनी विदेश मंत्रालय के दिए गए बयानों के सवाल पर अंद्राबी ने यह बात कही। चीन ने 25 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया था। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा था कि जांगनान (अरुणाचल प्रदेश) हमारा हिस्सा है। चीन के इस बयान पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। चीन चाहे जितना भी इनकार करे, सच्चाई नहीं बदल सकती।

## साउथ अफ्रीका के हॉस्टल में गोलीबारी, 11 की मौत

दक्षिण अफ्रीका में प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल में की गई गोलीबारी में 11 लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक कुल 25 लोगों को गोली मारी गई। यह हमला शनिवार तड़के उस वक्त हुआ, जब कुछ लोग हॉस्टल के अंदर मौजूद शराबखाने में शराब पी रहे थे। मरने वालों में 3 साल का बच्चा, एक 12 साल का लड़का और 16 साल की लड़की शामिल हैं। 3 साल का बच्चा उसी अवैध शराबखाने के मालिक का बेटा बताया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता एथलेन्दा मथे ने बताया कि हमले का मकसद फिलहाल साफ नहीं है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। यहां अवैध शराबखाने को लेकर विवाद चल रहा था।

## रूस को 'खतरा' नहीं कहेगा अमेरिका, नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजी में बदलाव

ट्रम्प प्रशासन ने अपनी नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजी में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत अमेरिका अब रूस को ह्यखतराह्ल नहीं कहेगा। यह ट्रम्प की अमेरिका फर्स्ट नीति पर आधारित है।

रूसी प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने समाचार एजेंसी बताया कि अमेरिका ने शुक्रवार को 29 पन्नों का एक दस्तावेज जारी किया। अब अमेरिका रूस के लिए ह्यडायरेक्ट थ्रेटह्ल और दुश्मन कहने वाली भाषा का इस्तेमाल नहीं करेगा। रूस ने इस बदलाव का स्वागत किया है। क्रीमिया को 2014 में रूस में मिलाने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण हमले के बाद से अमेरिका रूस को बड़ा खतरा मानता रहा है। अब नई नीति में रूस के तरफ नरमी बरती गई है और कुछ मुद्दों पर सहयोग करने की बात कही गई है। वहीं ट्रम्प प्रशासन ने यूरोप की आलोचना करते हुए कहा कि उसका वजूद खत्म हो रहा है। यह नया अमेरिकी दस्तावेज ट्रम्प के लचीले यथार्थवाद के सिद्धांत पर आधारित है। इसके मुताबिक अब अमेरिका की विदेश नीति बस उसके हितों पर बेस्ड होगी। इसका एकमात्र मापदंड होगा ह्यअमेरिका के लिए जो सबसे ज्यादा फायदेमंद है, वहीं करोह्ल। दस्तावेज में यूक्रेन जंग को जल्द से जल्द खत्म करने की बात कही गई है। इसे अमेरिका का खास ऐजेंडा बताया गया है। साथ ही रूस के साथ फिर से रणनीतिक स्थिरता बहाल करने की इच्छा जताई गई है, ताकि परमाणु हथियारों की होड़ और यूरोप में बड़े युद्ध का खतरा कम हो।

## सिंगर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ रिलेशनशिप की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो रिलेशनशिप में है। पेरी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर करते हुए रिश्ते की घोषणा की, जिनमें ट्रूडो भी दिखाई दे रहे हैं। ये तस्वीरें उनकी हालिया जापान यात्रा की हैं। एक तस्वीर में, पेरी और ट्रूडो साथ दिखाई दे रहे हैं। फोटो के कैप्शन में पेरी ने लिखा, टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर। इसी बीच उनकी एक तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें वह जापान के पूर्व प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ नजर आ रहे हैं। दरअसल, किशिदा ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की, जिसमें वह अपनी पत्नी के अलावा जस्टिन ट्रूडो और कैटी पेरी के साथ दिखाई दे रहे हैं।

इस फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा कि कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ट्रूडो अपने साथी के साथ जापान आए और हमारे साथ लंच किया। जस्टिन ट्रूडो ने इस पोस्ट को री-शेयर करते हुए लिखा, कैटी और मैं आपके और युको के साथ समय बिताकर बहुत खुश थे।

## चीन ने जापानी फाइटर जेट्स को निशाने पर लिया: दो बार फायर-रडार लॉक किया; बीजिंग का आरोपों से इनकार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ टोक्यो

जापान ने चीन पर उसके फाइटर जेट्स को निशाने पर लेने का आरोप लगाया है। जापानी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक घटना शनिवार की है।

आरोप है कि चीनी फाइटर जेट्स ने ओकिनावा द्वीप के पास इंटरनेशनल वॉटर्स में जापान की एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स (अरऊऋ) के विमानों पर दो बार फायर-कंट्रोल रडार लॉक किया। यह वह स्टेज है जब कोई फाइटर जेट अपने हथियारों वाला रडार सीधे टारगेट पर लॉक कर देता है। फायर-कंट्रोल रडार को मिसाइल दागने से ठीक पहले लॉक किया जाता है।

जापान ने घटना पर चीन से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। पीएम साने तकाइची ने इसे खतरनाक बताते हुए चीन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ भविष्य में ऐसी घटना को रोकने के लिए कहा है। हालांकि चीन ने जापान के आरोपों से इनकार किया है। चीनी सेना ने इस घटना के लिए जापान को जिम्मेदार ठहराया है। जापानी विमानों ने चीनी ट्रेनिंग एरिया में बार-बार घुसपैठ की। इससे अभ्यास बाधित हुआ और उड़ान सुरक्षा को खतरा पैदा



हुआ। घटना के वक्त चीनी कैरियर और तीन मिसाइल डिस्ट्रॉयर अभ्यास कर रहे थे। इस दौरान जापान ने संभावित हवाई सीमा उल्लंघन को रोकने के लिए ऋ15 विमानों को तैनात किया था।

जवाब में चीनी ख-15 फाइटर जेट्स ने लिआनिंग एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरते हुए अरऊऋ के ऋ15 विमानों को रडार से निशाना बनाया। जापानी रक्षामंत्री शिंजिरो कोइजुमी के मुताबिक घटना में कोई विमान क्षतिग्रस्त नहीं हुआ। चीन और जापान के पिछले महीने ताइवान को लेकर जापानी पीएम साने ताकाइची के बयान के बाद तनाव बढ़ गया था। जापानी पीएम साने ताकाइची ने 7 नवंबर को कहा कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो जापान मदद के लिए अपनी सेना भेजेगा। चीन ने इस बयान को बेहद गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाला बताया। इसके अगले ही दिन विवाद और बढ़ गया जब जापान में चीन के काउंसल जनरल शुए जियान ने एक्स पर लिखा कि वह इस मामले में दखल देने वाले की गर्दन काट देंगे। इसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया।

## श्रीलंका में चक्रवात दितवाह से अब तक 627 की मौत, सैकड़ों लापता

श्रीलंका में चक्रवात दितवाह से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अब तक 627 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सैकड़ों लोग अभी भी लापता हैं। चक्रवात के कारण लगातार बारिश, बाढ़ और भूस्खलनों ने कई इलाकों को तबाह कर दिया है। देश के डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर के अनुसार, सभी 25 जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है और लाखों लोग संकट का सामना कर रहे हैं। कई नदियों का जलस्तर ऐतिहासिक स्तर तक बढ़ गया है, जिससे कई कस्बे पूरी तरह डूब गए हैं। बचाव टीमें प्रभावित इलाकों में लगातार तलाश और राहत कार्य में जुटी हुई हैं, जबकि सरकार ने घरों के नुकसान का आकलन शुरू करने की तैयारी कर ली है। इस बीच, भारत भी ऑपरेशन ह्यसागर बंधुह्ल के तहत श्रीलंका की सहायता कर रहा है। भारतीय सेना की मेडिकल टीम और फील्ड हॉस्पिटल लगातार प्रभावित लोगों का इलाज कर रहे हैं और जरूरी सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

## पुतिन के भारत दौरे पर सख्त सुरक्षा जांच को लेकर रूसी पत्रकारों ने नाराजगी जताई

भारत में हाल ही में हुए 23वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रूस से आए पत्रकारों ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि सुरक्षा जांच बेहद कड़ी थी और कई जगहों पर उम्मीद से ज्यादा सख्ती बरती गई। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4-5 दिसंबर को दो दिन की यात्रा पर नई दिल्ली आए थे। रूसी अखबार कोमर्सांत और वेदोमोस्ती के पत्रकारों ने बताया कि हैदराबाद हाउस, राष्ट्रपति भवन और अन्य जगहों पर सुरक्षा जांच बहुत सख्त थी। कोमर्सांत में छपी रिपोर्ट में क्रेमलिन प्रेस पूल के सदस्य आंद्रेई कोलेसनिकोव ने लिखा कि हाइड्राबाद हाउस में जांच के दौरान कई निजी सामान जब्त कर लिए गए। पत्रकारों को पहले से बताया गया था कि पावर बैंक न लाएं, लेकिन जांच में चार्जर, कॉस्मेटिक, यहां तक कि कार की चाबी और कंघी तक रोक ली गई। उन्होंने यह भी कहा कि रूसी आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के वरिष्ठ सदस्यों को भी गहरी जांच से गुजरना पड़ा।

## अफ्रीकी देश बेनिन में तख्तापलट की कोशिश नाकाम

अफ्रीकी देश बेनिन में रविवार को सेना के एक छोटे समूह ने तख्तापलट की कोशिश की। सेना के एक समूह ने देश की सरकार को भंग करने और राष्ट्रपति को पद से हटाने का दावा किया। लेकिन देश के गृह मंत्री अला साने सिदु ने फेसबुक पर वीडियो जारी कर कहा कि यह विद्रोह नाकाम कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बेनिन की सेना देश की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती नंदकंवर पति स्व. श्री द्वारकाधीश पोरवाल निवासी-278 जैन कॉलोनी, जवाहर मार्ग, नागदा से उनके स्वामित्व से जैन कॉलोनी, नागदा स्थित गृह क्रमांक 278 को उनके पुत्र आदित्य की सहमति से दिनांक 26.05.2024 को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना पेटे राशि अदा कर दी है। श्रीमती नंदकंवर ने मेरे पक्षकार के पक्ष में उसी दिनांक को एक अनुबंध पत्र भी निष्पादित कर दिया है व अपने पुत्र आदित्य की सहमति स्वरुप हस्ताक्षर भी करवा दिए हैं। उपरोक्त वर्णित मकान पर अव रें'' ह्रल्लंल्लृ इंल्ल' का ऋण बकाया है। विक्रेता ने यह शर्त तय की थी कि वे बैंक का ऋण अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित करवा देवेंगे, किन्तु श्रीमती नंदकंवर द्वारा आज दिनांक तक बैंक का कर्ज. अदा नहीं किया है व उक्त अनुबंधित मकान को अन्यत्र विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं। अतः सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था श्रीमती नंदकंवर से जैन कॉलोनी, नागदा स्थित गृह क्रमांक 278 को क्रय, रहन अथवा भारग्रस्त किये जाने सम्बन्धी कोई व्यवहार न करें अन्यथा होने वाले परिणाम के प्रति वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**राजवर्धन सिंह रघुवंशी, हाई कोर्ट एडवोकेट**
**शिप्रा विहार कॉलोनी, नागझिरी, उज्जैन**
**ट्ठ. 9977434171**

## अंतर ढूंढो...







## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | | | | | | | | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 59 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| दी | वी | सू | ह | का | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ना | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| टा | ज | न | प | व | म | डे | डी. | म्स | सी | वें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | च | त | र | ट | क | वें | न | गां | ध |
| या | र | म | न | लों | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ




# जनगणना-2027 दो फेज में होगी, पहला चरण अप्रैल 2026 से...

## दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा, गृह मंत्रालय ने दिया जवाब

**केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बताया कि जनगणना 2027 की प्रक्रिया दो स्टेज में होगी, जिसकी शुरूआत 2026 में घरों की लिस्टिंग और घरों का डेटा इकट्ठा करने से होगी।**

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक सवाल के लिखित जवाब में विवरण देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि पहले चरण में आवास गणना और दूसरे चरण में आबादी की गणना की जाएगी। पहला फेज अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच 30 दिन में पूरा होगा। इसके लिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश टाइमलाइन तय करेंगे। दूसरा फेज जिसमें आबादी की गिनती होगी, वह फरवरी 2027 में होगा।



जनगणना 2027 की टाइमलाइन पिछली जनगणनाओं में अपनाए गए तरीकों की तरह ही रखी गई है। मंत्रालय के मुताबिक 1 मार्च 2027 को रात 12 बजे पूरे देश में गिनती के लिए रेफरेंस डेट होगी। हालांकि लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले इलाकों के लिए, आबादी की गिनती सितंबर 2026 में की जाएगी। 1 अक्टूबर 2026 को रेफरेंस डेट माना जाएगा।

### जनगणना का ज्यादातर काम पेपरलेस होगा

मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। कागज पर लिखी जानकारी पढ़ने के लिए एआई आधारित इंटेलीजेंट कैरेक्टर रिकगनीशन टूल्स होंगे। जीपीएस टैगिंग और प्री-कोडेड ड्रॉपडाउन मैन्यू की व्यवस्था में गलती की गुंजाइश नहीं रहेगी। आम लोगों की मदद के लिए राष्ट्रव्यापी प्रचार होगा।

### 2020 से अब तक 2.49 करोड़ राशन कार्ड डिलीट:

सरकार ने बताया कि 2020 से अब तक 2.49 करोड़ राशन कार्ड डिलीट किए हैं। मंत्री निमुबेन बाम्भनिया ने बताया कि यह कार्रवाई डुप्लिकेट, अपात्र लाभार्थी, मृत्यु या स्थायी रूप से स्थानांतरण जैसी वजहों से की गई। देश में अभी 20.29 करोड़ राशन कार्ड सक्रिय हैं और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जाता है।




### जनगणना 2027 पर नित्यानंद राय के जवाब की बड़ी बातें...

सरकार पहले के जनगणना राउंड से सीखे गए सबक और बेस्ट प्रैक्टिस को शामिल करेगी, जिसमें कुछ राज्यों में किए गए जाति-आधारित सर्वे भी शामिल हैं। प्रोसेस में पहले से ही पिछली एक्सरसाइज से मिली सीख और स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन को शामिल किया गया है।

जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले सवाल संबंधित मंत्रालयों, यूजर ऑर्गनाइजेशन और सब्जेक्ट एक्सपर्ट के साथ चर्चा के बाद ही फाइनल किए जाते हैं।

ऑफिशियल गजट में नोटिफाई किए जाने से पहले ड्राफ्ट क्वेश्चनेयर प्रैक्टिकल हैं या नहीं, यह देखने के लिए फील्ड टेस्टिंग होती है।

जनगणना 2027 के लिए देश भर में प्री-टेस्ट 30 नवंबर को खत्म हुआ और फाइनल क्वेश्चनेयर जल्द ही नोटिफाई होने की उम्मीद है। रजिस्ट्रार जनरल और सेंसस कमिश्नर का ऑफिस क्वेश्चनेयर को फाइनल करने के प्रोसेस में है।

हाउसलिस्टिंग फेज का पायलट 10 से 30 नवंबर 2025 के बीच किया गया। इस दौरान डिजिटल डेटा कलेक्शन मॉडल को भी टेस्ट किया गया। जवाब देने वालों को 1 से 7 नवंबर 2025 के बीच खुद गिनती करने की परमिशन दी गई।

जनगणना 2027 में जाति की गिनती कैबिनेट कमेटी ऑन पॉलिटिकल अफेयर्स के 30 अप्रैल, 2025 के फैसले के मुताबिक की जाएगी। जवाब देने वाले को अपनी जानकारी या विश्वास के हिसाब से सवालों के जवाब देने होते हैं।

### सहारा जमाकताओं को 6,842 करोड़ रिफंड

अमित शाह ने बताया कि सहारा ग्रुप की सहकारी समितियों ने अब तक 35.44 लाख जमाकताओं को 6,841.86 करोड़ रु. लौटाए हैं। हर जमाकर्ता को अधिकतम 50,000 रुपए तक रिफंड मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भुगतान की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2026 तक बढ़ा दी है।


### 700 से अधिक कफ सिरप निमार्ताओं का ऑडिट हुआ

सरकार ने राज्यसभा में बताया कि बच्चों की मौत के मामलों के बाद 700 से अधिक कफ सिरप निमार्ताओं का सघन ऑडिट किया गया। 19 नमूनों में से 4 असुरक्षित पाए गए, जिनमें एक सिरप में 46% डाइइथिलीन ग्लाइकॉल मिला। तमिलनाडु की निमार्ता कंपनी का लाइसेंस रद्द किया गया।

### देश में 6,385 स्टार्टअप बंद

केंद्र सरकार ने संसद में बताया कि 31 अक्टूबर 2025 तक 6,385 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप बंद श्रेणी में दर्ज हुए हैं, जबकि देश में कुल 1.97 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं। सबसे अधिक बंद होने वाले स्टार्टअप महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली से जुड़े हुए थे।

# पुतिन के भारत दौरे से क्या बदला, तेल सप्लाई का भरोसा समेत 19 डील




**रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन अपना 27 घंटे का भारत दौरा पूरा कर वापस लौट गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत की और बिजनेस फोरम को संबोधित किया। इस दौरान भारत-रूस के बीच किसी बड़े समझौते के ऐलान नहीं हुआ। इससे पहले रिपोर्ट में दावा किया जा रहा था कि दोनों देशों के बीच सु-57 फाइटर जेट और एस-400 डिफेंस सिस्टम को लेकर डील हो सकती है। हालांकि दोनों देशों के बीच तेल सप्लाई की गारंटी समेत 19 समझौतों पर सहमति बनीं। इनमें कई अहम समझौते भी शामिल हैं।**

### भारत-रूस के बीच 7 बड़े समझौते




### पुतिन के भारत दौरे पर अहम समझौते

भारत और रूस ने मैनपावर मोबिलिटी समझौता किया है। इससे दोनों देशों के नागरिक अस्थायी रूप से एक-दूसरे के देश में काम कर सकेंगे।

अगर कोई भारतीय रूस में या कोई रूसी भारत में काम करना चाहता है, तो अब और आसान हो जाएगा। साथ ही अवैध तरीके से आने-जाने पर रोक भी मजबूत होगी।

भारत के और रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच स्वास्थ्य सेवाओं, मेडिकल रिसर्च और मेडिकल शिक्षा में सहयोग का समझौता हुआ। है। यह समझौता तीन बड़े सेक्टर्स पर फोकस है।

स्वास्थ्य सेवाएं- दोनों देश डॉक्टरों, अस्पतालों और हेल्थ सिस्टम से जुड़े अनुभव साझा करेंगे। इसमें अस्पतालों में इलाज को बेहतर बनाना, नई बीमारियों का मिलकर अध्ययन करना और तकनीक और इलाज के आधुनिक तरीकों को साझा करना शामिल होगा। मेडिकल शिक्षा- दोनों देशों के मेडिकल कॉलेज और इंस्टीट्यूट मिलकर काम करेंगे। इसमें स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम, डॉक्टरों-मेडिकल स्टाफ की ट्रेनिंग और रिसर्च में जॉइंट प्रोग्राम शामिल हैं।

मेडिकल साइंस एंड रिसर्च- इसमें नई दवाओं, वैक्सीन, और उपचार तकनीकों पर मिलकर रिसर्च करना और कैंसर, दिल की बीमारियां, दुर्लभ बीमारियों पर जॉइंट स्टडी करना शामिल हैं।

### जहाज निर्माण

भारत और रूस ने शिपिंग, पोटर्स, जहाज निर्माण और आर्कटिक सहयोग को मजबूत करने के लिए एक नया समझौता किया है। आर्कटिक क्षेत्र में सहयोग- रूस आर्कटिक क्षेत्र में बड़ा खिलाड़ी है और वहां उसके पास मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है। भारत अब रूस के साथ मिलकर आर्कटिक में रिसर्च, समुद्री रूट्स और ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर काम करेगा। इससे नए व्यापारिक रास्ते और ऊर्जा संसाधनों तक पहुंच आसान होगी। शिपिंग और पोटर्स में साझेदारी- भारत और रूस के बीच शिपिंग को तेज और सुविधाजनक बनाने के लिए मिलकर काम होगा। पोटर्स के बीच कनेक्टिविटी और तकनीकी सहयोग बढ़ेगा। दोनों देश अपने समुद्री व्यापार को बढ़ाने के लिए बेहतर रूट्स तय करेंगे जहाज निर्माण- दोनों देश मिलकर जहाज बनाने, मरम्मत, तकनीक साझा करने और प्रशिक्षण में साझेदारी करेंगे। रूस ने प्रस्ताव दिया है कि आर्कटिक-क्लास जहाज साथ मिलकर बनाए जाएं।

■ वर्ष-12 अंक-36 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 08 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासमः सुहृत्।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम्।।

**भावार्थ** : विद्या जैसा कोई मित्र नहीं है, विद्या जैसा कोई मित्र नहीं है, (और) विद्या के समान कोई धन या सुख नहीं है।

**अपूर्वः कोऽपि कोशोड्यं विद्यते तव भारति।**
**व्ययतो वृद्धि मायाति क्षयमायाति सञ्चयात्।।**

**भावार्थ** : हे सरस्वती! आपका खजाना वास्तव में अवर्णनीय है; यह खर्च के साथ बढ़ता है, और संभालने से घटता है।

## सम्पादकीयम्

### सुलभं न भविष्यति

अधुना इदानीं कम्पनीषु नूतनानि प्रतिबन्धानि स्थापितानि सन्ति। एतेषां कम्पनीभिः सह किमपि प्रकारस्य व्यापारं कर्तुं अतीव कठिनं भविष्यति इति अस्य अर्थः। रूसदेशः वैश्विकतैलस्य उत्पादनस्य ११% भागः अस्ति, एतयोः कम्पनीयोः प्रायः तस्य प्रायः आर्धं भवति। एतेषु निषेधस्य कारणात् कच्चे तैलस्य वैश्विकपूर्तिः न्यूनीभवति। यद्यपि ओपेक-देशाः अमेरिका-देशस्य आज्ञानुसारं पूर्वमेव उत्पादनं वर्धितवन्तः, तथापि सस्ती-रूसी-तैलस्य अभावं पूरयितुं सुलभं न भविष्यति भारते प्रभावः . अमेरिकन-प्रतिबन्धाः भारतं अपि प्रभावितं करिष्यन्ति। रिलायन्स इण्डस्ट्रीज इत्यादीनां सर्वकारस्य निजीतैलशोधनालयस्य च कम्पनयः रूसीतैलस्य उपरि बहुधा निर्भराः सन्ति। रिलायन्स् रोस्नेफ्ट्-नगरस्य बृहत्तमः भारतीयः क्रेता अस्ति। भारतीयकम्पनीभिः रूसदेशात् तैलक्रयणं न्यूनीकर्तुं सज्जता आरब्धा अस्ति। 5% कच्चे मूल्ये कूर्दन्तु। अमेरिकन-प्रतिबन्धस्य अनन्तरं ब्रेंट-क्रूरस्य मूल्यं ५% वर्धितम् अस्ति। यदा एते प्रतिबन्धाः नवम्बं १ तः पूर्णतया कार्यान्विताः भवन्ति तदा कच्चे तैलस्य मूल्यानि अधिकं वर्धन्ते। भारतादिदेशानां कृते एषः चिन्ताजनकः विषयः अस्ति, यतः भारतं आयातद्वारा स्वस्य तैलस्य आवश्यकतायाः ८५% भागं पूरयति। बृहत् चुनौती 1 एषा स्थितिः भारतस्य कृते महतीं आव्हानं प्रस्तुतं करोति। भारतेन स्वस्य ऊजार्सुरक्षा सुनिश्चित्य वैकल्पिकस्त्रोतान् अन्वेष्टव्यं भविष्यति। रूसीतैलस्य आश्रयं न्यूनीकर्तुं सर्वकारस्य, कम्पनीनां च मिलित्वा कार्यं कर्तव्यं भविष्यति।

**जबलपुरसहितस्य राज्ये हिमवायुः प्रवहति यतः**

# तापमानं क्षीणं भवति, सायं 7 वादनस्य अनन्तरं शीतलं तीव्रं



ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

सायं ७ वा. २०२५ तमस्य वर्षस्य डिसेम्बं-मासस्य मध्यप्रदेशस्य, विशेषतः च महाकौशालस्य हृदयस्य जबलपुरस्य मौसमः एतादृशं मोडं प्राप्तवान् आसीत् यत् जनाः इदानीं कठोरशीतकालस्य अनुभवं कुर्वन्ति स्म उत्तरपर्वतेषु हिमपातः प्रभावितुं आरब्धः आसीत्, यस्य परिणामेण राज्ये सर्वत्र हिमवायुनां तीव्रता वर्धिता आसीत्। दिनभरि मृदुसूर्यप्रकाशः अभवत् अपि एतेषां वायुना सायं यावत् तापमानम् एतावत् न्यूनं जातम् यत् निवासिनः उष्णवस्त्रस्य, तापकस्य च आश्रयं ग्रहीतुं बाध्यन्ते स्म

जबलपुरे यत्र कतिपयदिनानि पूर्वं यावत् दिवा मन्दं उष्णता अनुभूयते स्म, तत्र इदानीं सायं ७ वादनपर्यन्तं वायुमण्डले तीक्ष्णशीतलता निवसति स्म मौसमविभागस्य अनधिकृतप्रतिवेदनानां तथा स्थानीयनिवासिनां अनुभवानां अनुसारं अधिकतमं तापमानं सामान्यस्य समीपे एव अभवत् तथापि न्यूनतमतापमानस्य न्यूनतायाः वायुवेगस्य च वर्धनेन शीतस्य वास्तविकप्रभावः अधिकः अभवत् किमर्थम् एतावत् शीघ्रं, एतावत् तीव्रं च शीतस्य वृद्धिः अभवत् इति जनेषु जिज्ञासा वर्तते। अस्य पृष्ठतः मुख्यकारणं हिमालयप्रदेशे सक्रियः पाश्चात्यविकारः तदनन्तरं व्यापकः हिमपातः च इति मन्यते।

पर्वतात् हिमशीतवाताः इदानीं निर्विघ्नं समतलं प्राप्नुवन्ति। एतैः वायुभिः न केवलं जबलपुरे अपितु पचमढ़ी, नौगांव, खजुराहो, अन्येषु उत्तरजिल्हेषु अपि शीतलतरङ्गसदृशं वातावरणं निर्मितम् अस्ति। आगामिदिनेषु यथा यथा एते वायुः स्थिराः भविष्यन्ति तथा तथा रात्रौ प्रातःकाले च तापमानं अधिकं न्यूनीभवति इति मौसमविशेषज्ञाः मन्यन्ते। अयं शिशिरः पूर्वसर्वं अभिलेखं भङ्गयितुं शक्नोति इति जनाः चिन्तिताः सन्ति।

सायं ७ वादनानन्तरं जबलपुरनगरस्य वीथिषु न्यूनजनसङ्ख्या अभवत्। जनाः त्वरितरूपेण स्वगृहं प्रति गच्छन्ति, चायस्थानकानाम् अथवा अग्निकुण्डानां परितः जनसमूहः दृश्यते। पूर्वं सायंकाले चञ्चलः नगरस्य उद्यानानि घाटानि च अधुना निर्जनाः सन्ति। एतस्य शीतलतायाः कारणात् ऊनीवस्त्रविपण्ये आकस्मिकं उदकं दृश्यते, जनाः कम्बलं, रजतानि, तापनसाधनं च क्रेतुं त्वरयन्ति एतां आकस्मिकं शीतवायुवृद्धिं हल्केन न गृह्णीयुः इति विशेषज्ञाः सल्लाहं ददति। बालकाः, वृद्धाः, पूर्वं विद्यमानाः चिकित्सापरिस्थितयः च शीतस्य परिहाराय विशेषसावधानीयाः आवश्यकतां अनुभवन्ति।

**उच्चन्यायालयः न्यायाधीशानां**

# निवासस्थानेषु आक्रमणानां चोरीणां च वर्धमानस्य विषये

### अस्ति तथा च २०१६ तमस्य वर्षस्य एकस्य पुरातनस्य प्रकरणस्य अपि संज्ञानं गृहीतवान्



ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

मध्यप्रदेश उच्चन्यायालयेन न्यायिकपदाधिकारिणां तेषां परिवाराणां च सुरक्षासम्बद्धस्य अतीव गम्भीरस्य विषयस्य श्रवणं कृतम्, यत्र पुनः राज्ये कानूनव्यवस्थायाः न्यायिकस्वतन्त्रतायाः च चुनौतीः प्रकाशिताः। अनुपपुरे जमानत-आवेदनं अङ्गीकृत्य उच्चन्यायालयेन न्यायाधीशस्य आधिकारिकनिवासस्थाने प्रत्यक्षं आक्रमणं तदनन्तरं च अन्येषु जिल्हेषु न्यायाधीशानां निवासस्थानेषु चोरीकृतानां विषये संज्ञानं कृत्वा राज्यसर्वकारेण दृढप्रतिक्रिया याचिता। मुख्यन्यायाधीशः संजीवसचदेवः न्यायाधीशः विनयसराफः च समाविष्टाः पीठिकायां सर्वकारेण प्रदत्तस्य विस्तृतस्य स्थितिप्रतिवेदनस्य विषये विचारः कृतः। अस्मिन् प्रतिवेदने न केवलं हाले अनूपपुर-आक्रमणस्य विषये सम्बोधनं कृतम्, अपितु अन्येषु जिल्हेषु न्यायाधीशानां निवासस्थानात् चोरीषु अभियुक्तानां गृहीतस्य स्थितिः, तत्सम्बद्धानां प्रकरणानाम् प्रगतिः च अन्तर्भवति स्म एतेषु घटनासु गहनं अप्रसन्नतां प्रकटयन् उच्चन्यायालयेन स्पष्टीकृतं यत् एतादृशाः घटनाः न केवलं न्यायिकाधिकारिणां सुरक्षां खतरान् जनयन्ति अपितु न्यायिकप्रक्रियायाः पवित्रतायाः स्वातन्त्र्यस्य च प्रत्यक्षः आघातः एव।

## अनिषा-रोहनयोः विवाहस्य वार्ता पूर्वमेव परिवारजनेषु

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

अस्य विवाहस्य विषये बालिवुड्-देशस्य, व्यापार-जगतः च जनाः उत्साहिताः सन्ति। दीपिका पादुकोणस्य भगिनीरूपेण अनिषायाः विवाहः परिवारस्य कृते आनन्दस्य नूतनसम्बन्धस्य च प्रतीकं भविष्यति। अस्मिन् विवाहे द्वयोः परिवारयोः सामाजिकव्यावसायिकसम्बन्धः अधिकं सुदृढः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। अनिषा-रोहनयोः विवाहस्य वार्ता पूर्वमेव परिवारजनेषु, मीडिया-माध्यमेषु च तरङ्गं जनयति। विवाहस्य सज्जता प्रचलति, अस्य विशेषस्य अवसरस्य उत्सवः महता धूमधामेन, प्रदर्शनेन च परिवारः योजनां करोति। ाारम्परिकभारतीयरीतिरिवाणानुसारं एतत् समारोहं भविष्यति, तत्र बालिवुड्-व्यापारसमुदायस्य च बहवः प्रमुखाः व्यक्तिः उपस्थिताः भविष्यन्ति।

## राशिफल

**मेष** : काम में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा और सीनियर्स भी मेहनत को सराहेंगे। किसी नए अवसर की शुरुआत हो सकती है।

**वृषभ** : ऑफिस में चुनौतियां बढ़ सकती हैं, पर आप अपने व्यवहार और मेहनत से स्थिति संभाल लेंगे।

**मिथुन** : आप अपनी बातों से दूसरों को प्रभावित कर पाएँगे और नए लोगों से जुड़ने के अवसर मिलेंगे।

**कर्क** : घर में खुशी और शांति का माहौल रहेगा। नौकरी में नई उम्मीदें जागेंगी और आपके काम को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी।

**सिंह** : आज आपको अपनी बातों और फैसलों में संयम रखना होगा। विवादों से दूर रहें क्योंकि छोटी बात बड़ी बन सकती है।

**कन्या** : आज आपके ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं लेकिन आप उन्हें बखूबी निभाएंगे। प्रेम संबंधों में प्यार और भरोसा बढ़ेगा।

**तुला** : आज रुके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। काम में नई दिशा या नया अवसर मिल सकते हैं। प्रेम जीवन में सुधार होगा।

**वृश्चिक** : आज करियर के लिए दिन बहुत अच्छा है। कोई नया प्रोजेक्ट या ऑफर मिल सकता है।

**धनु** : आज आपको संतुलित तरीके से आगे बढ़ने की जरूरत है। रिश्तों में आई पुरानी गलतफहमियों के खत्म होने का मौका है।

**मकर** : आज थोड़ा भावुक महसूस कर सकते हैं, लेकिन खुद पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा फल मिलेगा।

**कुंभ** : आज कई चीजें आपके पक्ष में हो सकती हैं। लव लाइफ में सकारात्मकता बढ़ेगी और पार्टनर के साथ समय अच्छा गुजरेगा।

**मीन** : काम में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। प्रेम संबंधों में समझदारी और प्यार का माहौल रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# इस दिन लगेगा सदी का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण, जब 6 मिनट 23 सेकंड के लिए छा जाएगा अंधेरा

जब चंद्रमा, सूर्य और पृथ्वी के बीच आकर सूर्य की किरणों को ढक देता है, तब सूर्य ग्रहण लगता है। यह घटना न केवल खगोल बल्कि ज्योतिष शास्त्र में भी अधिक प्रभावी मानी जाती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि, सदी के सबसे लंबे सूर्य ग्रहण का क्या महत्व है और इसका भारत पर क्या प्रभाव रहेगा।

सूर्य ग्रहण खगोल विज्ञान की एक अद्भुत और दुर्लभ घटना है। इसका महत्व केवल विज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि धार्मिक-ज्योतिष शास्त्र में भी इसे विशेष माना गया है। मान्यता है कि, ग्रहण के दौरान कुछ विशेष नियमों का पालन आवश्यक होता है, जिससे इसके संभावित अशुभ प्रभावों से बचाव किया जाता है। खासतौर पर हिंदू धर्म में इस अवधि को अशुभ माना जाता है। परंतु आसमान में होने वाली यह अद्भुत घटना हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचती हैं। कहते हैं कि, जब चंद्रमा, सूर्य और पृथ्वी के बीच आकर सूर्य की किरणों को ढक देता है, तब सूर्य ग्रहण लगता है। वहीं आगामी वर्ष 2027 में एक ऐसा सूर्य ग्रहण लगने वाला है, जिसे सदी का सबसे लंबा ग्रहण माना जा रहा है। खगोलविदों का मानना है कि इस ग्रहण का प्रभाव और अवधि बेहद यादगार होगी। ऐसे में आइए इसके समय और भारत पर इसका क्या प्रभाव होगा, जानते हैं।

**कब लगेगा सदी का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण–** खगोलविदों के मुताबिक, 2 अगस्त 2027 को सूर्य ग्रहण लगने



वाला है। लेकिन यह सामान्य नहीं बल्कि अन्य सूर्य ग्रहण से अलग रहेगा। बता दें, 2027 में लगने वाले इस सूर्य ग्रहण को सदी का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण माना जाएगा। विशेष रूप से इसकी अवधि को ध्यान में रखा जाएगा। माना जा रहा है कि यह 21वी सदी का सबसे लंबा पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा, जिसमें 6 मिनट 23 सेकंड तक गहरा अंधेरा रहेगा। इस समय धरती के कई हिस्सों में दिन में अंधेरा देखने को मिल सकता है। यही नहीं तापमान भी 5 से 10 डिग्री गिर सकता है और हवा की दिशा बदलने की संभावनाएं हैं।

**क्या सूर्य ग्रहण भारत में देगा दिखाई–** खगोलविदों के मुताबिक, 2 अगस्त 2027 में लगने वाला सूर्य ग्रहण अटलांटिक महासागर में शुरू होगा। इस दौरान यह ग्रहण स्पेन से होते हुए आगे बढ़ेगा। इसके बाद यह जिब्राल्टर के ऊपर से होते हुए उत्तरी अफ्रीका में प्रवेश करेगा। इस दौरान मोरक्को, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया और लीबिया के कुछ हिस्सों को यह ग्रहण ढक सकता है। यहां से होते हुए यह मिस्र में एंट्री करेगा। माना जा रहा है कि, सूर्य ग्रहण यहां की महत्वपूर्ण पुरातात्विक साइट लक्सर में अधिक समय के लिए रहेगा। हालांकि, सदी का सबसे लंबा ग्रहण भारत और आसपास के देशों में दिखाई नहीं देगा, जिस कारण इसका सूतक काल भी मान्य नहीं रहने वाला है। ज्योतिषियों के मुताबिक, 2 अगस्त 2027 को सूर्य ग्रहण लगने वाला है। परंतु इसका प्रभाव भारत में नजर नहीं आएगा। लेकिन इस दिन श्रावण मास की अमावस्या तिथि है। इसे हरियाली अमावस्या भी कहते हैं। ऐसे में अपनी राशि के मुताबिक कुछ उपाय करना लाभकारी हो सकता है।

- **मेष राशि–** उपायः हनुमान चालीसा का पाठ
- **वृषभ राशि–** उपायः मां लक्ष्मी की पूजा, सफेद वस्त्र या चावल दान
- **मिथुन राशि–** उपायः तुलसी पर जल चढ़ाएं
- **कर्क राशि–** उपायः दूध में केसर मिलाकर शिवलिंग पर चढ़ाएं।
- **सिंह राशि–** उपायः गेहूं दान करें।
- **कन्या राशि–** उपायः दुर्गा सप्तशती पाठ।
- **तुला राशि–** उपायः मीठा भोजन बांटें।
- **वृश्चिक राशि–** उपायः रुद्राभिषेक करें।
- **धनु राशि–** उपायः विष्णु सहस्त्रनाम पाठ
- **मकर राशि–** उपायः शनि मंत्र जप।
- **कुंभ राशि–** उपायः दान करें।
- **मीन राशि–** उपायः शिवलिंग पर जल अर्पित करें।

## खबर एक नजर...

### बैडमेंटन खेलने की बात पर युवक से मारपीट

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम जलवा में विशाल पिता गेंदालाल चौधरी 23 साल घर के बाहर बेडमेंटन खेल रहा था। उसी दौरान समीप रहने वाले विक्रम पिता पूरालाल चौधरी 45 साल ने मना किया। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। विक्रम ने अपने साथियों के साथ मिलकर विशाल के साथ मारपीट की। विशाल ने विक्रम के साथ मारपीट करते हुए चोंट पहुंचाई। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है। दोनों पक्षों को हिदायत दी गई और नोटिस तामिल कराकर छोड़ा गया।

### पार्किंग में मारपीट करने वाले बदमाशों की हुई पहचान

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 8 की पार्किंग में 3 दिसंबर की रात 11 बजे कुछ बदमाश प्रवृति के युवकों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट की जा रही थी। तभी पार्किंग में काम करने वाले आशीष पिता औंकारलाल देवड़ा ने मारपीट का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। युवक के साथ मारपीट करने वालों ने आशीष को वीडियो बनाते देखा तो उसके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया था। जीआरपी ने मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे थे। थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार के अनुसार फुटेज में दिखाई दिये मारपीट करने वाले 2 युवकों की पहचान कर ली गई है, जिनके नाम सौरभ और सिद्धू होना सामने आये है। जो नीलगंगा क्षेत्र की कालोनी के बताये जा रहे है। जिनकी तलाश करने पर पता चला कि शहर छोड़कर भाग निकले है। जिनकी गिरफ्तीी के प्रयास किये जा रहे है।

### पत्नी से विवाद के बाद पति ने गटका एसिड

**उज्जैन।** पत्नी से विवाद के बाद शाजापुर के ग्राम कपेली में रहने वाले बंटी पिता ओमप्रकाश 30 साल ने एसिड गटक लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। चरक अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है।

### बीमारी की वजह से नहीं चुका पा रहा था कर्ज

**उज्जैन।** शनिवार रात आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती ओनअली पिता शब्बीर हुसैन 42 साल निवासी बिलोटीपुरा बोहरा जमात का बाग की मौत हो गई थी। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि ओनअली पर काफी कर्ज हो गया था। उसने समूह लोन ले रखा था, जिसे बीमार होने की वजह से नहीं लौटा नहीं पा रहा था। 4 दिसंबर को जहरीला पदार्थ खाया था, उसे पहले चरक में भर्ती किया गया था, हालत में सुधार नहीं होने पर आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर गये थे। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि परिवार ओनअली का पोस्टमार्टम नहीं करना चाहते थे। लेकिन डॉक्टरी रिपोर्ट जहरीला पदार्थ खाने की सामने आने पर परिजनों को समझाईश देकर पोस्टमार्टम कराया गया।

### अस्पताल पहुंचने से पहले युवकी की रास्ते में हुई मौत

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम रत्नाखेड़ी में रहने वाले विक्रम पिता जोरावरसिंह परमार 27 वर्ष की रविवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसने सीने में दर्द होना परिजनों को बताया। परिजन स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चैकअप के पास उज्जैन रैफर कर दिया। परिजन विक्रम को उज्जैन लेकर पहुंचते उससे पहले रास्ते में मौत हो गई। चरक अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद हार्ट अटैक की संभावना व्यक्त कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि विक्रम एक बच्चे का पिता था और गांव की सोसायटी में ऑपरेटर का काम करता था।

1 3 9

---

### बैंक नोट प्रेस करेगी नंबरों की जांच, फरार आरोपियों की तलाश में दबिश

# नकली नोट से ड्रग्स खरीदने की फिराक में थे आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नकली नोट छापने की फैक्ट्री का खुलासा होने के बाद दो आरोपी पुलिस की रिमांड पर है। पुलिस को पता चला है कि नकली नोट से ड्रग्स खरीदने की फिराक में उज्जैन का एक फरार आरोपी था। नोट छपाई का मुख्य आरोपी इंदौर का है जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। उज्जैन और इंदौर के दो आरोपियों के गिरफ्त में आते ही मामले में और भी खुलासे होंगे। फिलहाल नकली नोटों को जांच के लिए बैंक नोट प्रेस भेजा जा रहा है।

5 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने इंदौर उज्जैन से जुड़ी नकली नोटों की फैक्ट्री का खुलासा किया था। क्राइम ब्रांच और चिमनगंज थाना पुलिस की टीम ने पांड्याखेडी ब्रीज रेल पटरी क्षेत्र से दो आरोपी हिमांशु उर्फ चीनू गौसर पिता राजेश गोसर 26 साल निवासी शिव मंदिर के सामने गउघाट रेल्वे कालोनी उज्जैन और दीपेश चौहान पिता अनोखीलाल चौहान 22 साल निवासी शिवगंगा सिटी हाटकेश्वर के पीछे उज्जैन को गिरफ्तार किया था। दोनों के पास से 17.50 लाख के नकली नोट बरामद किए गए थे। चिमनगंज थाना पुलिस ने दोनों को 10 दिसंबर तक पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। मामले में उज्जैन की हीरा मिल की चाल में रहने वाले सोनू टेटवाल और इंदौर के रहने वाले राजेश बरबटे मुख्य सरगना होना सामने आए। फिलहाल दोनों फरार है। अब पता चला है कि सोनू नकली नोटों से ड्रग्स खरीदने की फिराक में था। वह पूर्व में नकली तेल कांड का आरोपी भी रह चुका है। चिमनगंज थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया के अनुसार सोनू परिवार सहित फरार हो चुका है जिसके ठिकानों पर दबिश स्थिति जा रही है। वही राजेश की तलाश में भी एक टीम इंदौर और आसपास के जिलों में भेजी गई है। दोनों की गिरफ्तारी पर 10 10 हजार का इनाम घोषित किया गया है। सोनू और राजेश के हिरासत में आने पर कई और खुलासे हो सकते हैं।



#### ऑर्डर देकर उज्जैन से खरीदा था प्रिंटर

रिमांड पर चल रहे आरोपियों से जानकारी सामने आई है कि नोट छापने के लिए प्रिंटर उज्जैन से ही ऑर्डर देकर खरीदा गया था। राजेश और हिमांशु पूर्व में भी नकली नोट छापने के आरोपी रह चुके हैं। दोनों की मुलाकात जेल में हुई थी। जेल से बाहर आने के बाद फिर उन्होंने नकली नोट का अवैध कारोबार शुरू कर दिया था। पुलिस की हिरासत में आरोपी दीपेश चौहान एसी लगाने का काम करता था। लेकिन आरोपियों से जुड़ने के बाद नकली नोट की डिलेवरी देने का काम करने लगा था।

#### बैंक नोट प्रेस भेजे जा रहे नकली नोट

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया आरोपियों से बरामद 17.50 लाख के नकली नोट बैंक नोट प्रेस देवास भेजे जा रहा है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया था कि 500 के नकली नोटो पर दर्ज नंबर 10 के असली नोटों की सीरीज के हैं। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुरेंद्र मंडलोई के अनुसार नोट बैंक प्रेस से इस बात की जानकारी प्राप्त की जाएगी की नकली नोटों पर दर्ज नंबर कब जारी किए गए थे।

---

# लिवइन में रहने वाला युवक छत से नाले में गिरा, मौत

### परिवार ने लगाये आरोप युवती मांग रही थी रुपए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

परिवार से अलग लिवइन में रहने वाला युवक शनिवार-रविवार रात घर की छत से नाले में गिर गया। उसे युवती अस्पताल लेकर पहुंची। युवक की मौत हो चुकी थी। युवक के परिवार ने युवती पर रूपयों के लिये प्रताड़ित करने के आरोप लगाये है। पुलिस बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू करेगी।

नीलगंगा थाना एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि रात में चरक अस्पताल के ड्युटी कम्पाउंडर ने सूचना दी थी कि हनुमान नाका चौराहा शिवाजीनगर से मनीष पिता दिलीप मालवीय 25 साल को मृत अवस्था में लाया गया है। छत से गिरने पर मौत होने की बात उसे लेकर आये लोगों ने बताई है। मामले में मर्ग कायम किया गया और घटनास्थल तस्दीक के लिये पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि मृतक घर की छत से पीछे नाले में गिरा था। उसने शराब पी रखी थी। आसपास के लोगों ने देखा था और उसके साथ रहने वाली युवती छाया को घटना बताई थी। छाया होटल में खाना बनाने का काम करती है। उसके आने पर छाया और आसपास के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे थे। छाया ने मनीष के परिजनों को सूचना दी है। रविवार सुबह शाजापुर से मनीष के पिता और भाई मनोज उज्जैन पहुंचे। जिन्होने बताया कि मनीष की शादी नहीं हुई थी। जिस युवती के साथ रहता था वह रूपयों के लिये प्रताड़ित कर रही थी। भाई का कहना था कि यह हत्या है। एएसआई राठौर के अनुसार जिस युवती पर आरोप लगाया गया है, वह घटनास्थल पर मौजूद नहीं थी। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। परिजनों और छाया नामक युवती के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। प्रथमदृष्टता मामला छत से नाले में गिरने पर मौत होने का सामने आया है।

---

# चाइना डोर बेची या पतंग उड़ाई तो जाना होगा जेल

### पुलिस ने दुकानों पर शुरू की सर्चिंग, 112 पर सूचना देने की अपील

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



खूनी-घातक चाइना डोर पर प्रतिबंध के आदेश जारी हो चुके हैं। आदेश के बाद भी चाइना डोर बेची या पतंग उड़ाई तो जेल जाना होगा। एसपी प्रदीप शर्मा ने सख्त हिदायत जारी की है और सर्चिंग के निर्देश पुलिस को दे दिए हैं। पुलिस की टीम ने मुख्य बाजार तोपखाना में दुकानों पर प्रतिबंध डोर की तलाशी ली। अब प्रतिदिन अभियान चला कर खूनी घातक डोर का पता लगाया जाएगा।

पिछले कुछ सालों से पतंगबाजी के लिए नायलॉन के धागे से बनी चाइना डोर का उपयोग पतंगबाजो द्वारा जमकर किया जा रहा था। चाइना डोर बेचने वालों ने भी मुनाफे के लिए बड़े पैमाने पर कारोबार शुरू कर दिया था लेकिन चाइना डोर मानव के साथ ही पशु पक्षियों के लिए घातक साबित हो रही थी। पिछले तीन-चार सालों में सैकड़ो लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके थे वहीं एक छात्र की मौत भी हो गई थी। पक्षियों की मौत का आंकड़ा तो अनगिनत था। चाइना डोर के परिणामों को देख कलेक्टर द्वारा प्रतिवर्ष प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए जा रहे हैं। इस बार भी मकर संक्रांति पर वी से पहले दो माह के लिए प्रतिबंध आदेश जारी कर दिया गया है। 14 जनवरी को पतंगबाजी के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा जिसकी शुरूआत हो चुकी है आसमान में पतंग दिखाई दे रही है। पतंगबाज चाइना डोर का उपयोग ना करें और बाजारों में ना बेची जाए, इसको लेकर एसपी प्रदीप शर्मा ने दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए पतंगबाजो को भी चेतावनी जारी की है। चाइना डोर के उपयोग करने वालों को अब जेल भेजा जाएगा। एसपी शर्मा ने सभी थाना पुलिस को चेकिंग के आदेश जारी कर दिए हैं। जिसके चलते महाकाल थाना पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र में लगने वाले पतंग के मुख्य बाजार तोपखाना में दुकानों पर सर्चिंग शुरू कर दी है। पिछले कुछ वर्षों में सबसे अधिक हादसे शहर के ब्रिज पर होना सामने आए हैं जिसके चलते पुलिस ने अब ब्रिज के दोनों और बिजली के लगे पोल पर लोहे के तार बांधना शुरू कर दिए हैं। एसपी ने आम लोगों से अपील की है कि चाइना डोर का उपयोग करने और बेचने वालों की सूचना डायल 112 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। चाइना डोर के घातक परिणाम सामने ना आए इसको लेकर सभी को प्रयास करना होंगे।

---

### एसडीएम पहुंचे अस्पताल, सेवानिवृत्त डॉक्टरों को बुलाया

# महिदपुर बालिका छात्रावास में 15 छात्राओं की बिगड़ी हालत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महिदपुर कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास में रविवार रात 9 बजे के लगभग अचानक 15 के लगभग छात्राओं की हालत बिगड़ गई। छात्राओं को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, गले में जलन महसूस होने और घबराहट होने लगी थी। सभी को शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया है।

दशहरा मैदान स्थित कस्तुबा गांधी बालिका छात्रावास में 150 छात्रा रह रहती है। देर शाम सभी भोजन के लिये आई थी। 9 बजे के लगभग ऊपरी तल पर रहने वाली 13 से 15 छात्रा खाना खाने के बाद अपने रूम में पहुंची थी। कुछ देर बाद सभी को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, गले में जलन होने और घबराहट के साथ उल्टी जैसा होने पर छात्रावास के अधिकारियों को जानकारी दी गई। सभी छात्राओं को तत्काल शासकीय अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत देख डॉक्टरों ने सेवानिवृत्त हो चुके 2 डॉक्टरों को चैकअप और उपचार के लिये बुलाया गया। घटनाक्रम की जानकारी लगने पर एसडीएम अजय हिंगे भी अस्पताल पहुंच गये थे। छात्राओं का कहना था कि गैस फैलने से उनकी हालत बिगड़ी है। लेकिन संभावना जताई कि छात्राओं को फूड पॉयजनिंग हुई होगी, लेकिन उनके साथ खाना खाने वाली अन्य छात्राएं पूरी तरह से ठीक थी। जिसके चलते फूड पॉयजनिंग की संभावना क्षीण हो गई। एसडीएम अस्पताल से छात्रावास के लिये रवाना हो गये थे। आशंका जताई जा रही है कि छात्राओं ने मच्छर भगाने के लिये कोई मॉस्किटो क्वाइल तो नहीं जताई थी, या फिर छात्रावास के आसपास किसने कुछ जलाया होगा जिससे ऊपरी तल के कमरे में गैस भरा धुआं पहुंचा है। फिलहाल छात्राओं की बिगड़ी हालत का पता लगाने के प्रयास देर रात तक जारी थे। सभी छात्राओं का अस्पताल में उपचार चल रहा था, डॉक्टरों ने सांस लेने में दिक्कत और घबराहट अधिक होने पर अधिकांश छात्राओं को ऑक्सीजन लगा दिया था।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com